# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 11 मई 2026





भारत सरकार
सोमनाथ
अनंत ऊर्जा का अनुभव
सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥
सोमनाथ
विरासत के 75 साल
सोमनाथ भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है। 1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है। 75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है।
"सोमनाथ आशा का वह गीत है जो हमें सिखाता है कि सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है।"
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी
(अध्यक्ष, श्री सोमनाथ ट्रस्ट)
इस स्वर्णिम अवसर के साक्षी बनें
मुख्य गतिविधियां
▪ कलश यात्रा ▪ भजन संध्या
▪ ॐकार मंत्र का जाप
▪ सोमनाथ पुस्तिका में मंत्र लेखन
▪ सोमनाथ से जुड़ी कथाओं का वाचन
श्री सोमनाथ मंदिर परिसर
प्रभास पाटन
8 से 11 मई, 2026
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
सोमनाथ की दिव्यता व भव्यता में दें योगदान और बनें गौरवशाली इतिहास का हिस्सा।
स्कैन करें।
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in





हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



**मुंबई प्लेऑफ की रेस से बाहर : बेंगलुरु ने अंतिम गेंद में 2 विकेट से हराया, क्रुणाल की फिफ्टी**

# रायपुर में 'रो-को' को रोका

## लाल रंग से सजे स्टेडियम की भव्यता ने मोहा मन

## विराट और रोहित की सेना की भिड़ंत ने 'सुपर संडे' को बनाया यादगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आईपीएल के 'सुपर संडे' का महामुकाबला क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक कभी न भूलने वाला अनुभव बन गया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए मैच में रॉयल चैलेंजर्स विजेता रही। इसके साथ ही मुंबई इंडियंस आईपीएल की प्लेऑफ रेस से बाहर हो गई है। इस मैच में रोहित शर्मा और विराट कोहली की बल्लेबाजी से दर्शक थोड़े निराश हुए। मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए रोहित शर्मा मात्र 22 रन बनाकर आउट हो गए, जिनसे दर्शक बड़ी पारी की उम्मीद कर रहे थे। वहीं, कोहली की धुआंधार बल्लेबाजी देखने हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शक जीरो पर पवेलियन लौटने से दुखी हुए, हालांकि तिलक वर्मा और क्रुणाल पंडया ने रनों की बौछार कर दर्शकों को बांधे रखा।

आरसीबी ने अपने दूसरे होम ग्राउंड में मुंबई इंडियन को दो विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण लेते हुए मुंबई को बल्लेबाजी के लिए उतारा। मुंबई ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले पॉवर प्ले में तीन विकेट खोकर 53 रन बनाए। मुंबई ▶▶|शेष पेज 5 पर

### चारों तरफ दर्शक 'विराट' की 18 नंबर वाली जर्सी पहने नजर आए

*स्टेडियम के चारों तरफ दर्शक 'विराट' के नाम की 18 नंबर वाली जर्सी पहने नजर आए। स्टेडियम के बाहर आरसीबी की जर्सी की भारी डिमांड रही। 200 से 500 रुपये तक में बिकने वाली इन जर्सियों में विक्रेताओं के अनुसार, केवल विराट कोहली के नाम की ही हजारों टी-शर्ट्स की बिक्री हुई। दर्शक हाथों में 'आई लव चीकू' के पोस्टर लिए नजर आए। कोई युवा विराट कोहली जैसा लुक बनाकर पहुंचा था, तो छोटे बच्चे रोहित शर्मा को सपोर्ट करने मुंबई की जर्सी पहनकर पहुंचे थे।*

### निकिता की दिलकश प्रस्तुति ने झुमाया

मैच से पहले स्टेडियम का माहौल तब और भी खुशनुमा हो गया, जब प्लेबैक सिंगर निकिता गांधी ने अपनी दिलकश प्रस्तुति दी। उन्होंने 'कहते हैं खुदा ने...', 'आज देखे जरा...' और 'क्या बात है...' जैसे सुपरहिट हिंदी और पंजाबी गानों पर लगातार 40 मिनट तक प्रस्तुति दी। आयोजकों द्वारा लगाए गए अत्याधुनिक थ्रीडी साउंड बॉक्स ने इस प्रस्तुति में समां बांध दिया। भीषण गर्मी के बावजूद दर्शक अपनी जगह पर खड़े होकर झूमते और नाचते रहे, जिससे पूरे स्टेडियम का माहौल एक भव्य क्रिकेट उत्सव में तब्दील हो गया।

### हार्दिक की जगह सूर्यकुमार ने की कप्तानी

चोटिल हार्दिक आरसीबी के ख़िलाफ़ मैदान में नहीं उतरे। हार्दिक की जगह सूर्यकमार ने दूसरे बार मुंबई इंडियंस की कप्तानी की।
















### हर बॉल में जश्न जैसा नजारा

मैदान में आरसीबी और मुंबई की ओर से लगने वाले चौके-छक्के और विकेट में दर्शकों ने जमकर जश्न मनाया। हर बाल मे स्टेडियम में शोर रहा। मुंबई की धीमी शुरुवात में भी फैंस का उत्साह कम नहीं हुआ फैंस अपनी जगह से खिलाड़ियो का हौसला बढ़ते रहे।

### विराट, रोहित और सूर्यकुमार की एंट्री ने खींचा ध्यान

शाम 7 बजे तक पूरा स्टेडियम खचाखच भर चुका था। जैसे ही विराट कोहली और रोहित शर्मा ने मैदान पर कदम रखा, दर्शकों के शोर से पूरा स्टेडियम गूंज उठा। हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव की एंट्री ने भी दर्शकों का खूब ध्यान खींचा। पूरा स्टेडियम आई लव चीकू' के नारों से गूंज उठा। मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमों ने जमकर अभ्यास किया। इस दौरान जब भी गेंद छक्के के रूप में दर्शक दीर्घा में पहुंचती, तो फैंस के बीच उस गेंद को पकड़ने की होड़ मच जाती।



### रोहित के छक्कों से गूंजा मैदान दर्शकों का शोर पहुंचा 120 डेसिबल

टॉस जीतकर आरसीबी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। वहीं, पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। हालांकि, पहले ही ओवर में एक विकेट गिर जाने से मुंबई की टीम थोड़े दबाव में नजर आई, लेकिन इसके बाद 'हिटमैन' रोहित शर्मा ने मोर्चा संभाल लिया। रोहित ने मैदान के चारों तरफ लगातार छक्के चौके बरसाकर टीम के स्कोर को तेजी से आगे बढ़ाया। रोहित की तूफानी बल्लेबाजी के दौरान स्टेडियम में दर्शकों का शोर 120 डेसिबल तक पहुंच गया था। छोटी पड़ी में उन्होंने ▶▶|शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### एपीके लिंक के जरिए ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक व्यक्ति को एपीके लिंक भेजकर 80 हजार रुपये की ठगी करने के आरोप में झारखंड के पहाड़ी इलाके से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान झारखंड के गिरिडीह निवासी प्रवीण राणा (25) के रूप में हुई है। पीड़ित को एक एपीके फ़ाइल भेजी गई, जिसे डाउनलोड करते ही उसकी बैंकिंग जानकारी लीक हो गई। इसके बाद पैसा एक बैंक खाते में अंतरण कर दिया गया।

### कर्नाटक के मंत्री डी. सुधाकर का निधन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के योजना एवं सांख्यिकी मंत्री डी सुधाकर का रविवार तड़के लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। सुधाकर ने यहां 'कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' में अंतिम सांस ली। उनका पिछले दो महीनों से फेफड़ों के संक्रमण का इलाज चल रहा था। अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. आर चिन्नादुरई ने मेडिकल बुलेटिन में बताया कि मंत्री सुधाकर डी को रविवार तड़के तीन बजकर 15 मिनट पर मृत घोषित किया गया।

# छुट्टी के दिन 'रिश्वत' पर प्रहार, सीबीआई और एसीबी ने एएसआई समेत तीन को दबोचा

**बिलासपुर।** रविवार को छुट्टी के दिन रिश्वतखोरी के मामले में तीन अफसरों पर गाज गिरी। सीबीआई और राज्य की टीम ने अफसरों को रिश्वत लेते हुए पकड़ा। एसईसीएल के कलर्क को केंद्रीय एजेंसी ने दबोचा, वहीं कलेक्टर दफ्तर के एक बाबू और चंद्रपुर थाने का एसआई भी रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया।

**कुसमुण्डा जीएम कार्यालय के सीएमपीएफ विभाग में पदस्थ है क्लर्क**

### एसईसीएल के क्लर्क को सीबीआई टीम ने पकड़ा

**1** हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना के सीएमपीएफ (कोल माइंस प्रोविडेंट फंड) विभाग में पदस्थ क्लर्क मनोहर कौशिक को कथित रूप से रिश्वत लेते हुए सीबीआई की टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। सेवानिवृत्त कोल कर्मी स्व. सुरजीत लाल शर्मा की मौत के बाद उसकी पत्नी को पेंशन दिलाने के नाम पर बेटे संतोष कुमार शर्मा से रिश्वत की मांग की जा रही थी जिससे तंग आकर बंटी ने सीबीआई रायपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। सीबीआई की 12 सदस्यीय टीम क्लर्क ▶▶|शेष पेज 5 पर



**खाद्य विभाग द्वारा होटल पर खुले में पेड़ा रखने के प्रकरण में लगाया था जुर्माना**

### एक लाख रुपए के जुर्माने के बदले मांगा 30 हजार

**2** हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

कलेक्टोरेट का बाबू रविवार की छुट्टी के दिन खाद्य विभाग द्वारा होटल पर खुले में पेड़ा रखने के प्रकरण में किए गए 1 लाख रुपए के जुर्माने को 30 हजार रुपए कराने के एवज में होटल संचालक से 15 हजार रुपए रिश्वत ले रहा था, एसीबी ने बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी डीएसपी अजितेश सिंह ने बताया, कोटा करगीरोड निवासी देवेन्द्र कश्यप ने शिकायत की, कोटा में उनकी होटल है। अगस्त 2025 में उनकी होटल की जांच के ▶▶|शेष पेज 5 पर



**सक्ती जिले के थाना चंद्रपुर में पदस्थ सब इंस्पेक्टर पर हुई कार्रवाई**

### कड़ी कार्रवाई से बचाने 20 हजार लेते एसीबी ने पकड़ा

**3** हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

सक्ती जिले के थाना चंद्रपुर में पदस्थ सब इंस्पेक्टर को 20 हजार रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। बताया जाता है कि मारपीट के मामले में कड़ी कार्रवाई से बचाने के नाम पर उसने 40 हजार मांगे थे,जिसमें से पहली किस्त में 20 हजार लेने के बाद दूसरी किस्त में 20 हजार लेते हुए उसे पकड़ा गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम बालपुर थाना चंद्रपुर जिला सक्ती निवासी शिव प्रसाद बरेठ ने एसीबी कार्यालय बिलासपुर ▶▶|शेष पेज 5 पर



# सात दिन की हिरासत में पंजाब के मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



हरियाणा के गुरुग्राम की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने रविवार को पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये की जीएसटी धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में सात दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया। अदालत ने टिप्पणी की कि अरोड़ा के खिलाफ आरोप 'बहुत गंभीर' हैं और संघीय एजेंसी को धन के स्रोत का पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ करने की जरूरत है। सुनवाई के दौरान पंजाब ▶▶|शेष पेज 5 पर

**एक दिन पहले हुई थी गिरफ्तारी**

ईडी ने अरोड़ा (62) को जीएसटी धोखाधड़ी के एक मामले में उनके खिलाफ छापेमारी के बाद चंडीगढ़ स्थित उनके सरकारी आवास से शनिवार शाम गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही ईडी ने उनसे जुड़ी कंपनी 'हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड' के गुरुग्राम स्थित परिसर पर छापेमारी की थी।











**मिडिल ईस्ट तनाव के बीच पीएम मोदी का बड़ा बयान**

# पेट्रोल-डीजल बचाएं, वर्क फ्रॉम होम करें, एक साल तक न खरीदें सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत के सभी नागरिकों से पेट्रोलियम उत्पादों का संयम के साथ इस्तेमाल करने की अपील की है। पीएम मोदी की यह यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते भारत ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत बड़े पैमाने पर ईंधन आयात करता है, इसलिए पेट्रोल, डीजल और गैस का सोच-समझकर इस्तेमाल करना ▶▶|शेष पेज 5 पर



### भारत वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत रिन्यूएबल और वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सौर ऊर्जा के उत्पादन में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो चुका है, साथ ही पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देकर आयात कम करने में प्रगति हुई है।

### पीएम ने क्यों की अपील

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार लोगों को युद्ध के प्रतिकूल प्रभावों से बचाने के लिए प्रयास कर रही है और नागरिकों से चुनौतियों से पार पाने और देश की मदद करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि युद्ध के कारण पेट्रोल और उर्वरक की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जब आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव होता है, तो संकट से निपटने के विभिन्न उपायों के बावजूद मुश्किलें बढ़ जाती हैं।*

देश की पहली लग्जरी हेरिटेज ट्रेन

# 45 साल में पहली बार मई में चलेगी पैलेस ऑन व्हील्स लग्जरी ट्रेन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान की मशहूर लग्जरी ट्रेन 'पैलेस ऑन व्हील्स' अपने 45 साल के इतिहास में पहली बार मई महीने में पटरी पर दौड़ने जा रही है। 26 जनवरी 1982 को शुरू की गई यह ट्रेन देश की पहली लग्जरी हेरिटेज ट्रेन मानी जाती है। अब तक यह ट्रेन केवल सितंबर से अप्रैल के बीच ही संचालित होती थी। मई-जून में भीषण गर्मी के कारण इसे बंद कर दिया जाता था। इस बार बढ़ती मांग को देखते हुए पैलेस ऑन व्हील्स की यह विशेष यात्रा 20 मई से 25 मई तक संचालित होगी। यह लग्जरी ट्रेन दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से रवाना होकर करीब 2,610 किलोमीटर का सफर तय करेगी।

**06**
6 दिन, 2610 किमी और शाही सफर

**26**
जनवरी 1982 को की गई थी शुरू

*दुनिया की प्रमुख शाही लग्जरी ट्रेनों में होती है इसकी गिनती*



### देश के एक बड़े बैंक ने की पूरी ट्रेन बुक

*इस बार ट्रेन की जबरदस्त मांग सामने आई है। देश के एक बड़े सरकारी बैंक ने खास यात्रा के लिए पूरी लग्जरी ट्रेन की बुकिंग की है। यही कारण है कि 45 साल में पहली बार इसे मई महीने में चलाने का फैसला लिया गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार छह दिन में यह ट्रेन करीब 2,610 किलोमीटर का सफर तय करेगी। छह दिन की इस यात्रा में यात्रियों को राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, भव्य किलों, ऐतिहासिक महलों और रेगिस्तान की खूबसूरती का शानदार अनुभव मिलेगा।*

### ट्रेन की क्या खासियतें?

इस ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे। इनमें छह डब्ल्यूपीसीटी -1 सैलून कोच, सात डब्ल्यूपीसीटी -2 सैलून कोच, एक सुपर डीलक्स सैलून कोच, दो रेस्टोरेंट-कम-बार कोच के अलावा किचन, स्टाफ, सर्विस और स्पा कार भी शामिल होंगी। इस ट्रेन के 14 खास कोच राजस्थान की पूर्व रियासतों के नाम पर रखे गए हैं। यात्रियों को इस ट्रेन में पारंपरिक राजस्थानी खाने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय व्यंजन भी परोसे जाते हैं। हर कोच में शाही इंटीरियर, आरामदायक बेड और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यही कारण है कि 'पैलेस ऑन व्हील्स' को दुनिया की सबसे शानदार लग्जरी ट्रेनों में शामिल किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### बांदा में मां और भाई की गोली मारकर हत्या

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के बबेरू कस्बे में रविवार दोपहर एक व्यक्ति ने अपनी मां और छोटे भाई की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। बांदा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पलाश बंसल ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 12 बजे बबेरू पुलिस को सूचना मिली कि तहसील परिसर के पीछे रहने वाले राजकिशोर मिश्रा ने अपनी मां शांति (60) और छोटे भाई देवीदीन (35) को गोली मार दी है।

### दो सूटकेस से क्षत-विक्षत शव के अंग बरामद

**भभुआ।** बिहार के कैमूर जिले में दुर्गावती नदी के किनारे दो सूटकेस के अंदर से शव के क्षत-विक्षत अंग मिले हैं। पुलिस ने बताया कि ये सूटकेस जिले के मोहनिया और रामगढ़ थाना क्षेत्रों के बीच स्थित एक पुल के नीचे मिले। कैमूर के पुलिस अधीक्षक हरि मोहन शुक्ला ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पुल के नीचे शव के अंग मिले हैं। शुक्ला ने बताया, हमें ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि यहां दुर्गावती नदी पर बने एक पुल के नीचे शव के क्षत-विक्षत अंग मिले हैं।

नए मंत्रियों में एक ब्राह्मण, 3 अन्य पिछड़ा वर्ग और 2 दलित वर्ग से

# योगी के मंत्रिमंडल में महिला सहित छह विधायक बनाए गए मंत्री, दो का प्रमोशन

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल का आज दूसरी बार विस्तार हुआ है। 6 नए मंत्रियों को कैबिनेट में शामिल किया गया है। इनमें भूपेंद्र चौधरी, मनोज पांडे, कृष्णा पासवान, हंसराज विश्वकर्मा, कैलाश राजपूत, सुरेंद्र दिलेर के नाम हैं। नए मंत्रियों में एक ब्राह्मण, 3 अन्य पिछड़ा वर्ग और 2 दलित वर्ग से हैं। वहीं, 2 मंत्रियों का प्रमोशन हुआ है। इनमें राज्यमंत्री अजीत पाल और सोमेंद्र तोमर का नाम है। उत्तर प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री को मिलाकर 54 मंत्री रहे मगर आज विस्तार के बाद ये 60 हो गए हैं।



### पहले मंत्रिमंडल विस्तार में बनाए गए थे 4 मंत्री

*योगी सरकार ने पहला मंत्रिमंडल विस्तार 2024 के लोकसभा चुनाव ठीक पहले 5 मार्च को किया था। तब 4 नेताओं को मंत्री बनाया गया था। इनमें सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर, समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा में आने वाले दारा सिंह चौहान, राष्ट्रीय लोक दल के अनिल कुमार और भाजपा के सुनील शर्मा के नाम शामिल थे।*

### नए चेहरों के बारे में जानिए

- भूपेंद्र चौधरी : उत्तर प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष। फिलहाल विधान परिषद सदस्य।
- मनोज पांडे : ऊंचाहार से विधायक। समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा में आए।
- कृष्णा पासवान : खागा सीट से भाजपा विधायक हैं। 4 बार विधायक और 2 बार जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं
- सुरेंद्र दिलेर : खैर सीट से विधायक। हाथरस के पूर्व सांसद राजवीर सिंह दिलेर के बेटे हैं
- हंसराज विश्वकर्मा : भाजपा से एमएलसी। पिछड़ा वर्ग की राजनीति में मजबूत पकड़
- कैलाश राजपूत : तिर्वा से विधायक। पहले बहुजन समाज पार्टी में रहे

### अखिलेश बोले 9 महीने में मंत्री क्या कर लेंगे?



अखिलेश यादव ने कहा, 'मंत्रिमंडल में केवल 6 रिक्तियां हैं, इससे ज्यादा तो दूसरे दल से पाला बदल कर आए लोग हैं, क्या उन सभी को मंत्री पद से नवाजा जाएगा? एक समाज के कई विधायकों में से एक को चुना जाएगा तो आधार क्या होगा? जनता ये भी पूछ रही है कि आखिरी 9 महीनों में ये मंत्री क्या कर लेंगे जब 9 साल में ये सरकार कुछ न कर सकी।'

### ऐसे साधे गए जातिगत समीकरण

उत्तर प्रदेश में भाजपा के 258 विधायक हैं। इनमें 85 ओबीसी, 59 अनुसूचित जाति, 45 राजपूत, 42 ब्राह्मण और 28 अन्य सवर्ण जातियों से हैं। आज हुए मंत्रिमंडल विस्तार में पिछड़े वर्ग से 3 चेहरों को शामिल किया गया है। महिला आरक्षण पर बहस के बीच एक महिला को भी जगह मिली है। सुरेंद्र दिलेर और कृष्णा पासवान को मंत्रिमंडल में शामिल कर दलित वर्ग को साधने की कोशिश की गई है।

बेंगलुरू की रैली में कांग्रेस को जमकर सुनाया

# मोदी बोले- ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को हैदराबाद और बेंगलुरु के दौरे पर रहे। बेंगलुरु में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने तमिलनाडु की राजनीति पर टिप्पणी की। उन्होंने तमिलनाडु में कांग्रेस और डीएमके के अलग हुए गठबंधन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता की भूख में विश्वासघात किया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का ऐसा कोई भी सगा नहीं है जिसे उसने ठगा न हो। इस कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी 'आर्ट ऑफ लिविंग' संगठन की 45वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पहुँचे। यहाँ उन्होंने नवनिर्मित ध्यान मंदिर का उद्घाटन किया। तेलंगाना में 9,400 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास किया।



### कांग्रेस और उनकी गारंटियाँ दोनों झूठी

कांग्रेस को घेरते हुए पीएम मोदी ने कहा, "कांग्रेस को सिर्फ विश्वासघात करना आता है। ये खुद भी झूठे हैं और इनकी गारंटियाँ भी झूठी हैं। मोदी ने कहा, "पहला मौका मिलते ही कांग्रेस अपने साथियों के साथ भी विश्वासघात करती है। कोई ऐसा सगा नहीं, जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं।

### किन-किन विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

तेलंगाना में 9,377 करोड़ रुपए की लागत से तैयार परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत आज रिफॉर्म्स एक्सप्रेस पर आगे बढ़ रहा है और आधुनिक बुनियादी ढांचे का तेजी से निर्माण कर रहा है। पीएम मोदी ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें हैदराबाद-पनजी आर्थिक कॉरिडोर पर राष्ट्रीय राजमार्ग-167 के गुडेबेल्लूर से महबूबनगर तक फोर-लेन निर्माण और संगारेड्डी जिले के जहीराबाद औद्योगिक क्षेत्र का विकास शामिल है।

पाक का खैबर पख्तूनख्वा धमाके से दहला

# पुलिस चौकी पर हमला, 15 पुलिसकर्मियों की हुई मौत

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कल रात हुए भीषण उग्रवादी हमले में अब तक 15 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। यह हमला बन्नू जिले के एक पुलिस चौकी पर हुआ, जहां आत्मघाती विस्फोट के बाद भारी संख्या में उग्रवादियों ने हमला बोल दिया। बता दें कि एक उग्रवादी ने विस्फोटकों से भरा वाहन पुलिस चौकी के पास उड़ा दिया। अधिकारियों ने बताया कि ये विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास के कई मकानों की छतें ढह गईं। वहीं पुलिस पोस्ट तो पूरी तरह तबाह हो गई। हालांकि इस ताजा हमले की जिम्मेदारी अब तक किसी संगठन ने नहीं ली है। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हमले में कितने आतंकी मारे गए या किसी को गिरफ्तार किया गया है या नहीं। घटना के बाद इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।



### कैसे किया हमला?

जानकारी के मुताबिक, हमले के वक्त उग्रवादी विस्फोटकों से भरे वाहन में सवार पुलिस चौकी की ओर बढ़ रहे थे। जब सुरक्षा बलों ने वाहन को रोकने के लिए फायरिंग की,तो उसमें जोरदार धमाका हो गया। धमाके के बाद बड़ी संख्या में आतंकियों ने चौकी पर धावा बोल दिया और दोनों ओर से भारी गोलीबारी शुरू हो गई। इस दौरान 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

जमकर पथराव, धारा 144 लागू

# टीपू सुल्तान-हनुमान विवाद में कडपा में भड़की हिंसा

एजेंसी ▶▶| कडपा

आंध्र प्रदेश के कडपा के अलमास पेट चौराहे पर शनिवार को माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया। यहां 2 समूहों के बीच इस जगह का नाम क्या रखा जाए, इसे लेकर जबरदस्त विवाद शुरू हो गया। एक पक्ष चाहता था कि चौराहे का नाम टीपू सुल्तान के नाम पर हो, जबकि दूसरा पक्ष भगवान हनुमान के नाम की मांग कर रहा था। देखते ही देखते प्रदर्शन हिंसक हो गए और पत्थरबाजी शुरू हो गई। इसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हालात पर काबू पाया और अब इलाके में शांति बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है।



### अधिकारी शामिल लोगों की पहचान कर रहे

जिला अधिकारियों ने इस हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कुछ शरारती तत्व जानबूझकर माहौल खराब करने की कोशिश में थे। अधिकारियों ने यह भी बताया कि उन्होंने इस विवाद में शामिल लोगों की पहचान कर ली है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी होगी। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन किसी भी तरह की अफवाह या गलत खबर न फैलाएं, क्योंकि इससे स्थिति और बिगड़ सकती है। इलाके

संविधानिक मूल्यों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

# 'नीच, भ्रामक और घृणित': फर्जी पोस्ट पर फूटा सीजेआई का गुस्सा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के नाम से एक विवादित जातिवादी बयान वायरल किया गया था, जिसमें समाज के शोषण के लिए मानसिकता को जिम्मेदार बताया गया। सीजेआई ने इस बयान को पूरी तरह फर्जी और मनगढ़ंत बताते हुए स्पष्ट किया है कि यह न्यायपालिका की छवि खराब करने और सामाजिक विद्वेष फैलाने की एक दुर्भावनापूर्ण साजिश है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इसे एक नीच, भ्रामक और शरारतपूर्ण साजिश करार दिया है। आमतौर पर शांत रहने वाले सीजेआई का यह तीखा तेवर चर्चा का विषय बना हुआ है।



**उच्चतम पद को बदनाम करने की कोशिश :** सीजेआई सूर्यकांत ने एक बयान में अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि एक काल्पनिक बयान तैयार करना और उसे देश के सर्वोच्च न्यायिक पद से जोड़ना बेहद गलत है। यह हरकत पूरी तरह से बेईमानी है। इसका उद्देश्य सामाजिक उकसावा पैदा करना है। उन्होंने इसे संविधानिक मूल्यों की अवमानना बताया है।

### सार्वजनिक विश्वास पर गहरा प्रहार

सीजेआई के अनुसार, इस तरह का लापरवाह आचरण न्यायपालिका की नींव को कमजोर करता है। यह कानून के शासन और न्यायपालिका में जनता के विश्वास को चोट पहुंचाता है। उन्होंने साफ किया कि सोशल मीडिया पर चल रहे इन दावों का वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है।

### ऐसा है भ्रामक पोस्ट का विवरण

सीजेआई ने विशेष रूप से एक्स पर मौजूद एक अकाउंट का जिक्र किया। इस अकाउंट ने हिंदी में एक बयान उनके नाम से साझा किया था। उस पोस्ट में लिखा था, 'यदि कोई समाज आईएएस, आईपीएस, सीजेआई और राष्ट्रपति पैदा करने के बाद भी खुद को शोषित बताता है, तो दोष ब्राह्मणों का नहीं बल्कि उसकी मानसिकता का है।'

### ऐसी सामग्री को बढ़ावा न दें : सीजेआई

मुख्य न्यायाधीश ने इस बयान को पूरी तरह निराधार और द्वेषपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से झूठा दावा है। सीजेआई कार्यालय ने सभी जिम्मेदार नागरिकों, मीडिया संस्थानों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से अपील की है। उन्होंने कहा है कि ऐसी मनगढ़ंत और झूठी सामग्री को बढ़ावा न दें।



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

मामला बालोद जिले का, खराब परीक्षा परिणाम के बाद कई विद्यालयों के प्राचार्य व शिक्षकों पर गिरी गाज

निलंबित प्राचार्यों में पीएमश्री स्कूलों के प्राचार्य भी शामिल

### इन जिलों के परिणाम 70% से कम

दसवीं कक्षा में पांच जिले ऐसे रहे हैं, जहां परिणाम 70% से कम है। इसमें सक्ती 68.78%, बालोद 65.94%, बिलासपुर 65.30%, दुर्ग 63.12%, जांजगीर-चांपा 59.90% तथा एमसीबी 59.12% शामिल हैं। वहीं बारहवीं कक्षा में 70% से कम परिणाम वाले जिले की सूची में दो ही जिले हैं। जांजगीर-चांपा 65.73% और एमसीबी 62.40% के साथ इस सूची में है। 80% से कम परिणाम वाले जिलों में कोण्डागांव 79.38%, बिलासपुर 79.19%, बलोदाबजार 79.12%, दुर्ग 77.91%, बालोद 77.79% तथा सक्ती 72.07% शामिल है।

# छग के आधा दर्जन जिलों के बोर्ड नतीजे खराब, बालोद से कार्रवाई की शुरुआत, 8 प्राचार्य सस्पेंड, 14 की वेतनवृद्धि रोकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बालोद

खास खबर

दसवीं-बारहवीं बोर्ड एग्जाम में खराब प्रदर्शन वाले स्कूलों पर गाज गिरने की शुरुआत हो चुकी है। बालोद जिले में खराब परीक्षा परिणाम के बाद कड़ी कार्रवाई करते हुए 8 प्राचार्यों को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं 14 की वेतनवृद्धि रोक दी गई है। जिन विद्यालयों के प्राचार्यों की वेतनवृद्धि रोकी गई है, उनमें से कई स्कूल ऐसे हैं, जहां पिछले वर्ष परिणाम 100 प्रतिशत ▶▶| शेष पेज 5 पर

### कलेक्टर को कार्रवाई का अधिकार नहीं

*इधर, निलंबन संबंधित कार्रवाई के बाद छग प्राचार्य संघ की बैठक भी आयोजित की गई। संघ ने कार्यवाही के लिए तय मापदंड को अनुचित व गलत बताते हुए कहा है कि जिले के जिम्मेदार डीईओ पर कार्यवाही न करके प्राचार्यों पर कार्यवाही की गई है। शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, कलेक्टर को प्राचार्यों के निलंबन का अधिकार नहीं है। उनके द्वारा किसी कार्यवाही के लिए केवल अनुशंसा की जा* ▶▶| शेष पेज 5 पर



### कुछ माह की सेवा शेष

*डौण्डीलोहारा ब्लाक के पीएमश्री सेजेस डौण्डीलोहारा, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरथुली, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाहंदा, गुरूर ब्लाक के शासकीय हाई स्कूल सोहपुर, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भिरई, गुण्डरदेही ब्लाक के शासकीय हाई स्कूल मोंगरी,* ▶▶| शेष पेज 5 पर

## विजय ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, टीवीके प्रमुख की मुख्य टीम को मंत्रिमंडल में जगह

# तमिलनाडु में 'विजय' पताका टूट गया 60 साल का रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु में एक नए राजनीतिक युग की शुरुआत हुई है। मशहूर अभिनेता से राजनेता बने जोसेफ सी विजय ने चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ टीवीके के 9 अन्य नेताओं ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इस दक्षिणी राज्य में 60 साल में पहली बार द्रमुक और अन्नाद्रमुक से इतर किसी दल की सरकार बनी है। शपथ के बाद पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी, जिसके जवाब में विजय ने राज्य के विकास के लिए केंद्र सरकार से पूरे सहयोग की उम्मीद जताई।

सी जोसेफ विजय ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में रविवार को यहां रंगारंग समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। अभिनेता (51) से नेता बने विजय के पहले मंत्रिमंडल में युवा और अनुभवी दोनों तरह के नेता हैं। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख की मुख्य टीम को भी इसमें जगह मिली है। विजय ने अपने पहले संबोधन में कहा कि वह किसी राजघराने से नहीं हैं, लेकिन लोगों ने उन्हें स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि वह झूठे वादे कर लोगों को धोखा नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि एक नयी शासन व्यवस्था शुरू हुई है तथा वास्तविक, धर्मनिरपेक्ष एवं सामाजिक न्याय का नया युग आरंभ हो रहा है। विजय के पिता एस ए चंद्रशेखर और उनकी मां शोभा, शीर्ष अभिनेत्री तृषा तथा बड़ी संख्या में आमंत्रित लोग जवाहरलाल ▶▶| शेष पेज 5 पर

■ पहली बार किसी तमिल नेता ने कोट-पैंट में ली शपथ

### राज्यपाल ने उन्हें टोका

तमिलनाडु में टीवीके प्रमुख जोसेफ विजय ने रविवार को पूर्व निर्धारित प्रारूप से हटकर और अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य को दर्शाने के लिए हाथ के इशारे करके शपथ ग्रहण समारोह को एक प्रभावशाली शपथ भाषण में बदलने का प्रयास किया। हालांकि, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने हस्तक्षेप किया। राज्यपाल द्वारा शपथ दिलाना शुरू करते ही विजय ने पूर्व निर्धारित प्रारूप से हटकर बोलना शुरू किया, मैं, सी. जोसेफ विजय, भारत के विधिवत स्थापित संविधान के प्रति निष्ठावान रहूंगा..।



### सीएम बनते ही तीन ऑर्डर

- घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 200 यूनिट फ्री बिजली देने वाली फाइल पर हस्ताक्षर किए
- महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक विशेष बल बनाने वाली फाइल साइन की
- एंटी ड्रग्स स्क्वॉड बनाने का आदेश किया जारी

### विजय की मां बोलीं- बेटे पर पूरा भरोसा

मंच के सामने मौजूद विजय के माता-पिता भावुक हो गए। विजय की मां शोभा चंद्रशेखर ने नयी जिम्मेदारी को लेकर अपने बेटे पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा, विजय इसे अच्छी तरह निभायेगा। मुझे उसपर पूरा विश्वास है। अभिनेत्री तृषा सहित फिल्म जगत की कई हस्तियां समारोह में शामिल हुईं।

### कुर्सी संभालते ही विजय ने पीएम को कहा धन्यवाद

मुख्यमंत्री बनने के तुरंत बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए अपनी खास शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री की इस बधाई के बाद नए मुख्यमंत्री विजय ने भी उन्हें धन्यवाद दिया और अपने राज्य के विकास के लिए केंद्र सरकार से पूरे सक्रिय समर्थन और सहयोग की उम्मीद जताई है।

### असम में कल, पुडुचेरी में 13 मई को शपथ

*असम में भाजपा की विधायक दल की बैठक हुई, इसमें हिमंता बिस्वा सरमा को फिर विधायक दल का नेता चुना गया। हिमंता 12 मई को सुबह 11 बजे लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वहीं पुडुचेरी में एन. रामास्वामी 13 मई को शपथ लेंगे। एनडीए के नेताओं ने लोक भवन में आचार्य से मुलाकात की और शर्मा के नेतृत्व में सरकार गठन का दावा पेश किया।*

## खबर संक्षेप

### 23,000 श्रद्धालु पहुंचे यमुनोत्री, गंगोत्री धाम



**उत्तरकाशी।** खराब मौसम के बावजूद, उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री और गंगोत्री धाम पर 23,000 से अधिक तीर्थयात्री पहुंचे। शनिवार को यमुनोत्री धाम में कुल 11,066 श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की, जबकि गंगोत्री धाम में 12,075 तीर्थयात्री पहुंचे। छह महीने के अवकाश के बाद उत्तराखंड में वार्षिक चार धाम यात्रा की शुरुआत के उपलक्ष्य में अक्षय तृतीया के अवसर पर 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री दोनों मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिए गए।

### छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय पुरस्कार





**सीहोर।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ राज्य को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। पीएमजीएसवाई के सीईओ भीम सिंह और चीफ इंजीनियर कटारे ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

### नैतिकता के उल्लंघन पर सेवाएं समाप्त

## एयर इंडिया ने तीन साल में निकाले 1000 कर्मी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने पिछले तीन साल में नैतिकता संबंधी मुद्दों के उल्लंघन के मामलों में 1,000 से अधिक कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की हैं। कंपनी के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने बैठक में कहा कि हर वर्ष सैकड़ों कर्मचारियों को नियमों के उल्लंघन के कारण हटाया जाता है। विल्सन ने कहा कि हटाए गए कर्मचारियों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने विमान से सामान की तस्करी की।

### लगभग 24,000 कर्मचारी

वर्तमान में एयर इंडिया के पास लगभग 24,000 कर्मचारी हैं। कंपनी वित्तीय दबावों के बीच लागत में कटौती के उपाय भी कर रही है। इसके तहत वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी गई है। यदि पश्चिम एशिया की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो चालू वर्ष कंपनी के लिए 'बहुत कठिन' हो सकता है।

## गैस एजेंसी से कोई लेना-देना नहीं, मेरे खिलाफ कोई मामला नहीं: पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



महासमुंद जिले में डेढ़ करोड़ की गैस गबन के मामले में पूर्व राज्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता पूनम चंद्राकर ने कहा है कि उनका संबंधित गैस एजेंसी से कोई ताल्लुक नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गौरव गैस एजेंसी के प्रोपाइटर उनके बड़े भाई धनंजय चंद्राकर हैं और मामले में गिरफ्तार पंकज चंद्राकर उनके बड़े भाई धनंजय चंद्राकर का दामाद है, जो उक्त एजेंसी की देखरेख करता आ रहा है। पंकज स्वयं राजनीति में सक्रिय है और उसे मीडिया में संचालक लिखे जाने पर भी पूनम चंद्राकर ने आपत्ति दर्ज कराई है। पूनम चंद्राकर ने कहा है कि ऐसे मामलों में उनका नाम लिखा जाना सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि आज ▶▶| शेष पेज 5 पर

### अमेरिका का 9-सूत्री प्लान बनाम ईरान का 14-सूत्री ड्राफ्ट

## ईरान के 14-सूत्री प्लान से हिला व्हाइट हाउस

एजेंसी ▶▶| दुबई/वाशिंगटन

वैश्विक भू-राजनीति में उस वक्त बड़ी हलचल मच गई, जब ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिका और पश्चिमी देशों को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अंतरराष्ट्रीय ताकतों के साथ किसी भी तरह की बातचीत को ईरान का आत्मसमर्पण या पीछे हटना नहीं माना जाना चाहिए। उनका मानना है कि ईरान अपने लोगों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में खड़ा है। हाल ही में अमेरिका की ओर से मध्य पूर्व में युद्ध रोकने के ▶▶| शेष पेज 5 पर



### कतर, सऊदी अरब और यूएई में बहुत घबराहट

कड़े ईरानी जवाब के बाद वाशिंगटन में लगातार आपात बैठकों का दौर जारी है। अमेरिकी अधिकारी अब ईरान के इस 14-सूत्री प्रस्ताव का कूटनीतिक और सैन्य विश्लेषण कर रहे हैं। वहीं, खाड़ी देशों कतर, सऊदी अरब और यूएई में बहुत घबराहट है, क्योंकि किसी भी बड़े युद्ध का सीधा असर उनके तेल व्यापार और सुरक्षा पर पड़ेगा।

### ईरान ने समुद्र में बहाया 3,000 बैरल तेल

*फारस की खाड़ी में ईरान के खार्ग आईलैंड के पास बड़ा तेल रिसाव देखा गया है। सैटेलाइट तस्वीरों में समुद्र में फैला तेल साफ नजर आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह रिसाव अमेरिकी प्रतिबंधों और होर्मुज में बढ़े तनाव के कारण हो सकता है। समुद्र में तेल करीब 51 वर्ग मील से ज्यादा इलाके में फैल चुका है। अनुमान है कि 3,000 बैरल से ज्यादा तेल पानी में बह गया है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अमेरिकी प्रतिबंधों और नौसैनिक दबाव की वजह से ईरान के तेल निर्यात पर असर पड़ा है।*



## चिंतन

# विजय के लिए चुनावी वादे निभाना बड़ी चुनौती

तमिलनाडु की राजनीति में अभिनेता से नेता बने विजय थलापति (सी. जोसेफ विजय) का उदय केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि राज्य की पारंपरिक राजनीति में बड़े बदलाव का संकेत है। उन्होंने रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर ली। दो साल पुरानी पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने विधानसभा चुनाव में 108 सीटें जीतकर यह साबित कर दिया कि जनता अब पुराने राजनीतिक समीकरणों से आगे बढ़कर नए विकल्प तलाश रही है, लेकिन अब विजय के सामने सबसे बड़ी चुनौती जनता से किए गए भारी-भरकम वादों को पूरा करने की है। तमिलनाडु में पिछले कई दशकों से द्रविड़ राजनीति का दबदबा रहा है। डीएमके और एआईडीएमके जैसी पार्टियों ने राज्य की सत्ता को लगभग अपने बीच ही सीमित रखा। ऐसे में विजय का मुख्यमंत्री बनना ऐतिहासिक माना जा रहा है। हालांकि राजनीति में लोकप्रियता जितनी तेजी से मिलती है, उतनी ही तेजी से जनता उम्मीदें भी पाल लेती है। यही उम्मीदें अब विजय सरकार की सबसे कठिन परीक्षा बनने वाली हैं। टीवीके को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है। सरकार बनाने के लिए कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, वीसीके और आईयूएमएल जैसे दलों का समर्थन लेना पड़ा। फिलहाल सरकार संख्या बल पर सुरक्षित दिखाई देती है, लेकिन गठबंधन सरकारों में स्थिरता हमेशा एक चुनौती होती है। इससे भी बड़ी चुनौती उनकी चुनावी घोषणाएं हैं। महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की सहायता, प्रत्येक परिवार को छह मुफ्त गैस सिलेंडर, गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में 8 ग्राम सोना और सिल्क साड़ी जैसी योजनाएं सुनने में आकर्षक जरूर लगती हैं, लेकिन इनके लिए भारी बजट की आवश्यकता होगी। तमिलनाडु पहले से ही घाटे और कर्ज के दबाव से गुजर रहा है। ऐसे में यदि सरकार केवल लोकलुभावन योजनाओं पर अधिक ध्यान देती है तो राज्य की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है। यही कारण है कि राजनीतिक विश्लेषक विजय को केंद्र सरकार के साथ बेहतर तालमेल रखने की सलाह दे रहे हैं। उसे बुनियादी ढांचे, निवेश, सेमीकंडक्टर, रक्षा उद्योग, शिक्षा नीति और रोजगार परियोजनाओं के लिए केंद्र के सहयोग की आवश्यकता है। यदि विजय केंद्र के साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखते हैं तो राज्य को आर्थिक सहायता और नई परियोजनाओं का लाभ मिल सकता है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह संबंध महत्वपूर्ण होंगे। अल्पमत जैसी स्थिति में किसी भी सरकार को स्थिर बनाए रखने के लिए दिल्ली से अच्छे रिश्ते अप्रत्यक्ष रूप से मददगार साबित होते हैं। इसलिए विजय को भावनात्मक राजनीति के बजाय व्यावहारिक और संतुलित राजनीति अपनानी होगी। दूसरी तरफ, प्रशासनिक अनुभव की कमी भी विजय के सामने बड़ी चुनौती है। फिल्मों में नायक बनना और वास्तविक शासन चलाना दो अलग-अलग बातें हैं। बेरोजगारी, महंगाई, कानून-व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर सरकार की कार्यशैली जल्द ही परखी जाएगी। यदि सरकार वादों को समय पर पूरा नहीं कर पाई तो जनता का भरोसा कमजोर पड़ सकता है। तमिलनाडु की जनता ने विजय को केवल अभिनेता के रूप में नहीं, बल्कि उम्मीद और बदलाव के प्रतीक के रूप में सत्ता सौंपी है, लेकिन राजनीति में असली पहचान लोकप्रियता से नहीं, बल्कि शासन क्षमता से बनती है। विजय के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती चुनावी वादों, आर्थिक संतुलन, गठबंधन की मजबूरियों और प्रशासनिक अनुभव की कमी के बीच सही रास्ता चुनने की है।

## आर्थिकी

सतीश सिंह



# महंगाई की मार से धीमी पड़ती विकास की रफ्तार

वैश्विक अर्थव्यवस्था इस समय ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा संकट और बाधित आपूर्ति श्रृंखलाएं विकास की गति पर भारी पड़ती दिखाई दे रही हैं। दुनिया भर में खाद्य पदार्थों, ईंधन और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि ने महंगाई को फिर वैश्विक चिंता के केंद्र में ला खड़ा किया है। इसका सीधा असर विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। संयुक्त राष्ट्र से जुड़े संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार वैश्विक खाद्य कीमतें पिछले तीन वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी हैं। अप्रैल महीने में फूड कमोडिटी प्राइस इंडेक्स में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना मं 2.5 प्रतिशत अधिक है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष है, जिसने वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। ईरान युद्ध को दस सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य अब भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाया है। यह वही सामरिक समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति होती है। इस मार्ग में व्यवधान आने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर गहरा असर पड़ा है। ईंधन, उर्वरक, खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिसके कारण उनकी कीमतों में तेज उछाल आया है। सबसे अधिक प्रभाव खाद्य तेलों पर दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने बायो-फ्यूल की मांग बढ़ा दी है, जिसके कारण वेजिटेबल ऑयल की कीमतें मार्च की तुलना में अप्रैल महीने में लगभग 6 प्रतिशत बढ़ गई हैं। यह जुलाई 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। अनाज की कीमतों में भी लगातार तेजी बनी हुई है। यदि यह संकट लंबा खिंचता है, तो आने वाले समय में वैश्विक खाद्य संकट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

भारत में भी महंगाई के संकेत स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। अप्रैल महीने में दैनिक उपयोग की 20 में से 16 वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई। खाने के तेल, टमाटर और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने खुदरा महंगाई को लगभग 4 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचा दिया है। महंगाई का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह धीरे-धीरे पूरी अर्थव्यवस्था की गति को प्रभावित करता है। पैकेजिंग सामग्री, ऊर्जा और परिवहन लागत बढ़ने से एफएमसीजी सेक्टर की कंपनियों की इनपुट लागत बढ़ गई है। आने वाले महीनों में साबुन, तेल, बिस्किट और अन्य रोजमर्रा की वस्तुएं और महंगी हो सकती हैं। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। यूरिया, एल्युमीनियम, सोया तेल और गेहूं जैसी आवश्यक वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। इसका असर उद्योगों, निर्माण क्षेत्र और कृषि लागत पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। कृषि क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित हो रहा है, क्योंकि उर्वरक, डीजल और परिवहन महंगे होने से खेती की लागत बढ़ रही है। इससे खाद्य कीमतों में और वृद्धि होने की संभावना है। महंगाई बढ़ने का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह है कि लोगों की आय का बड़ा हिस्सा भोजन, ईंधन और रोजमर्रा के खर्चों में निकल जाता है, जिससे बचत घट जाती है। बचत कम होने से बैंकों और वित्तीय संस्थानों के पास निवेश के लिए पूंजी भी कम होती है। परिणामस्वरूप उद्योगों का विस्तार धीमा पड़ने लगता है। यही कारण है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने हालिया मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा है। केंद्रीय बैंक का उद्देश्य महंगाई को नियंत्रित करना है, लेकिन ऊंची ब्याज दरों का असर निवेश और उपभोग दोनों पर पड़ता है। कर्ज महंगा होने से उद्योगों के विस्तार की गति धीमी होती है और नए निवेश प्रभावित होते हैं। इससे रोजगार के अवसरों पर भी असर पड़ता है। विशेष रूप से एमएसएमई सेक्टर पर इसका दबाव अधिक दिखाई दे रहा है। छोटे और मध्यम उद्योग पहले ही ऊंची लागत और सीमित पूंजी से जूझ रहे हैं। अब ऊर्जा, परिवहन और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों ने उनकी चुनौतियां और बढ़ा दी हैं। यदि स्थिति लंबे समय तक बनी रही, तो उत्पादन में गिरावट और रोजगार संकट गहरा सकता है। दरअसल, महंगाई केवल कीमतों में वृद्धि नहीं है; यह आर्थिक संतुलन को प्रभावित करने वाली वह प्रक्रिया है, जो धीरे-धीरे विकास की गति को कमजोर कर देती है। जब आम आदमी की क्रय शक्ति घटती है, उद्योगों की लागत बढ़ती है, निवेश धीमा पड़ता है और रोजगार के अवसर कम होते हैं, तब आर्थिक विकास की रफ्तार स्वतः कम हो जाती है।

( लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चुनावी हिंसा से कब मिलेगी मुक्ति?



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

पचहत्तर बरस पुराना भारतीय लोकतंत्र तमाम सुधारों के बावजूद आज भी चुनावी हिंसा जैसे बड़ी चुनौतियों से जूझ रहा है। हाल ही में पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं। लेकिन बंगाल में चुनावी नतीजे के बाद एक बार फिर से चुनावी हिंसा और अराजकता भड़क उठी। बंगाल में ममता बनर्जी की नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस 'टीएमसी' के करारी हार के बाद भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों की अनेक घटनाएं हुई है। हिंसा के बीच भाजपा के शीर्ष नेता और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हिंसा में अभी तक चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई है तथा पुलिस सहित अनेक लोग घायल हुए हैं। हिंसा के दौरान घरों और पार्टी दफ्तरों में तोड़फोड़, आगजनी तथा बमबाजी की घटनाएं हुई है। राज्य में चुनाव परिणाम के बाद हिंसा के 200 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं जिसमें 500 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारियां हुई है वहीं 1100 से अधिक लोगों को एहतियातन हिरासत में रखा गया है। बंगाल की नयी सरकार के लिए पहली प्राथमिकता इस चुनावी हिंसा पर काबू पाना होगा। हालांकि सरकार ने इस दिशा में ताबड़तोड़ प्रयास शुरू कर दिया है।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल देश विभाजन के बाद से ही हिंसा के लंबे दौर का गवाह रहा है। इस राज्य में चुनावी हिंसा का लंबा इतिहास रहा है। राज्य में लोकसभा, विधानसभा से लेकर नगरीय प्रशासन और पंचायत चुनावों के दौरान हिंसा आम बात है। साल 1967 में नक्सलबाड़ी में किसानों के शोषण के विरोध में पैदा हुआ नक्सलवादी आंदोलन ने पूरे देश में हिंसा को एक नया स्वरूप दे दिया था जिससे छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्य भी प्रभावित रहे। 1971 में सिद्धार्थ शंकर रे की सरकार ने नक्सलवादी आंदोलन के खिलाफ निर्णायक जंग छेड़ा लेकिन इसके बाद राज्य में राजनीतिक हत्याओं और हिंसा का दौर शुरू हो गया। सत्तर के दशक में राज्य में वामपंथ की जड़ें मजबूत होने के बाद लेफ्ट पार्टियों ने चुनावी नतीजे अपने पक्ष में करने के लिए हिंसा को बढ़ावा दिया। बंगाल की सत्ता में वाम मोर्चा के काबिज होने के बाद 1977 से 2011 तक कोई भी चुनाव हिंसा मुक्त नहीं रहा बल्कि इन 34 सालों के दौरान राजनीतिक हत्याएं और झड़पें आम थी। इस दौर में सत्तारूढ़ पार्टी पर विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने के आरोप लगातार लगते रहे। एक रिपोर्ट के मुताबिक 1977 से 1996 तक राज्य में 28 हजार लोगों की मौत राजनीतिक हिंसा में हुई। एक अन्य जानकारी के मुताबिक 2016 से 2026 तक बंगाल में चुनावी हिंसा का ग्राफ लगातार ऊपर चढ़ा है।



साल 2016 के विधानसभा चुनाव में 172 मामले दर्ज हुए तो 2021 के चुनाव में बढ़कर 278 हो गई। चुनावी हिंसा में बढ़ोतरी पंचायत चुनावों में भी देखी गई।

पश्चिम बंगाल के राजनीतिक पटल पर साल 1998 में ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस का उदय हुआ। साल 2011 में सत्ता में 'टीएमसी' के काबिज होने के बाद भी राज्य में राजनीतिक और चुनावी हिंसा का पैटर्न नहीं बदला बल्कि इस पार्टी ने भी राज्य में अपनी सत्ता बरकरार रखने के लिए हिंसा को प्रोत्साहित किया। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो ममता बनर्जी की पार्टी ने विभिन्न चुनावों के दौरान और इसके बाद भी विरोधियों को धमकाने के लिए हिंसा की सारी हदें लांघ दी। टीएमसी सरकार के दौरान राज्य में घटित राजनीतिक और गैर राजनीतिक हिंसा, महिलाओं के साथ दुष्कर्म और जबरिया जमीन हथियाने की घटनाओं में सीधे तौर पर 'टीएमसी' नेताओं और कार्यकर्ताओं की संलिप्तता उजागर हुई। इधर हिंसा और अनाचार के आरोपितों को सरकार और प्रशासन द्वारा लगातार संरक्षण मिलते रहा जो राजनीति के अपराधीकरण का अदद उदाहरण है।राजनीतिक पंडितों के अनुसार बंगाल का हालिया चुनाव परिणाम 'टीएमसी' के भय, आतंक और अत्याचार का ही प्रतिकार है।

बीते दशकों में पश्चिम बंगाल के चुनावी हिंसा पर गौर करें तो साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान 15 लोग मारे गए थे। 2021 के विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद राज्य में व्यापक पैमाने पर राजनीतिक हिंसा हुई थी। इस दौरान हुई हत्या, बलात्कार, आगजनी और तोड़फोड़ ने लोकतंत्र को शर्मसार कर दिया। इस दौरान राज्य में चुनावी हिंसा के 300 मामले दर्ज किए गए। इस हिंसा में में 58 लोगों की मौत हुई थी वहीं किशोरियों और महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले भी सामने आए थे।इसी राज्य में 2023 के पंचायत चुनाव में भीषण हिंसा हुई थी जिसमें 45 लोगों की मौत हुई थी। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में 10 लोगों की मौत हुई। आर्म्ड कॉन्फिलक्ट लोकेशन एंड इवेंट डेटा प्रोजेक्ट 'एसीएलईडी' के मुताबिक साल 2020 से अब तक चुनावी हिंसा के कुल घटनाओं के लगभग 35 फीसदी मामले और 51 फीसदी मौतें बंगाल में दर्ज हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान चुनावी हिंसा के कुल 2593 मामले दर्ज हुए जिसमें 904 घटनाएं अकेले बंगाल में दाखिल हुए। इसी प्रकार उक्त हिंसा में 329 लोगों की जान गई जिसमें 168 लोग बंगाल के थे। बहरहाल बंगाल में चुनावी नतीजे के बाद सत्ता हस्तांतरण के दौरान जिस पैमाने पर हिंसा हुई और पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा पद छोड़ने पर उहापोह की परिस्थितियां निर्मित की गई वह लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए खतरनाक संकेत है।

अलबत्ता केवल बंगाल ही नहीं बल्कि उत्तरप्रदेश, बिहार, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, ओडिशा, असम, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों में भी चुनावों के दौरान व्यापक पैमाने पर हिंसा होते रही है। लोकसभा से लेकर पंचायत चुनावों के दौरान माओवाद प्रभावित छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड और ओडिशा में नक्सलियों ने अनेक राजनीतिक हिंसा को अंजाम दिया था। इस हिंसा में विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं, कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों सहित सुरक्षा बलों और मतदान दलों के सदस्यों के मारे जाने या घायल होने की घटनाएं घटित हुई है।बिलाशक देश में बढ़ रहे चुनावी और राजनीतिक हिंसा के लिए सीधे तौर पर हमारी राजनीतिक व्यवस्था ही जवाबदेह है। चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट के तमाम जतन और चिंताओं के बावजूद राजनीति में धनबल और बाहुबल का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है।

ऐनकेन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के हनक के चलते देश में धर्म और जाति आधारित वोटबैंक की राजनीति उफान पर है। विडंबना है कि अब राजनीति के निशाने पर धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्रीयता होने लगा है। हिंसा के हालिया दौर पर गौर करें तो राजनीतिक हिंसा अब केवल राजनीतिक विचारधारा का परस्पर टकराव न होकर सांप्रदायिक और जातिगत स्वरूप में सामने आने लगा है। इसका असर देश की एकता -अखंडता और सौहार्द के ताने-बाने पर दृष्टिगोचर हो रहा है।

गौरतलब है कि चुनाव को लोकतंत्र का महापर्व कहा जाता है लेकिन चुनावी हिंसा के चलते चुनावों की निष्पक्षता और स्वतंत्रता प्रभावित होती है। देश में कालांतर में चुनावों के दौरान वोटरों को धमकाने,मतदान केंद्रों पर हिंसा और बमबारी, मतदान दलों को धमकाकर जबरिया वोट डालना, मतपेटियों को लूटने जैसी घटनाएं होते रही हैं लेकिन ईवीएम तथा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के चलते ऐसे अपराधों पर काफी अंकुश लगा है। अलबत्ता चुनावी हिंसा से जहां नागरिकों के राजनीतिक और मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है वहीं इससे अनेक अयोग्य व अपराधी संसद और विधानसभाओं में पहुंच रहे हैं जिससे लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा खंडित हो रही है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स 'एडीआर' के मुताबिक 18 वीं लोकसभा में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 46 फीसदी यानि 251सांसद हैं। इनमें से 31 फीसदी पर हत्या, बलात्कार और अपहरण जैसे आरोप हैं यह आंकड़ा साल 2009 के बाद सबसे अधिक है। इसी प्रकार देश भर के विधानसभाओं के 45 फीसदी विधायकों ने अपने उपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। बंगाल में संपन्न हालिया चुनाव के बाद नवीन विधानसभा के 65 फीसदी विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि 2021 के विधानसभा में यह आंकड़ा 49 फीसदी था। अन्य राज्यों में भी दागी विधायकों की संख्या सोचनीय है। गौरतलब है कि राजनीतिक हिंसा से देश में आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता का भी खतरा बढ़ता है जिसके चलते महंगाई, बेरोजगारी और अपराध के आंकड़ों में बढ़ोतरी होती है। लिहाजा आजादी के अमृतकाल में देश के राजनीतिक व्यवस्था को हिंसा और भयमुक्त करने की जरूरत है ताकि आम जनता का भरोसा चुनाव और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति कायम रहे। इस दिशा में राजनीतिक दलों को आत्ममंथन करने की जरूरत है आखिरकार यह लोकतंत्र के अक्षुण्णता से जुड़ा मुद्दा है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान




संकलित

दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते।

## राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



संकलित

प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गांव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची।साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोला- ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दिया- मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूं। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोला- महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहा- हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजा- मेरे पिताजी का, साधु- तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजा- मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहा- हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहाँ एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा और महात्मा जी से क्षमा मांगी।

## पहिए बनने शुरू



पुरीः 'महाराणा सेवायत' (पुश्तैनी बढ़ई) के नाम से जाने जाने वाले कारीगर, सालाना रथ यात्रा से पहले भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के लिए रथों के लकड़ी के पहिए बना रहे हैं। पहिए बनाने की प्रक्रिया ओडिशा के पुरी में बुधवार से शुरू हुई।

## आज की पाती

### सोच और कार्य व्यवहार बदलने ही चाहिए

जरूरत से ज़्यादा विनम्र होना और किसी को अधिक सम्मान देना भी आज के समय में कई बार एक बड़ी मूर्खता प्रतीत होती है। वे लोग आपको/हमें लगभग उनका दास ही समझने लगते हैं, विशेषकर बड़े प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के विषय में। मुख्यत:, यदि कुछ प्रशासनिक अधिकारी ईमानदार और पूर्णत: संवैधानिक विषयों, कार्यों में भी सहयोग नहीं करते हैं, तो ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध निर्भीक होते हुए कानूनी तरीके से नि:संकोच होकर अवश्य ही अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। हमारे पूर्ण मर्यादा में रहते हुए, उन लोगों को भी कुछ सेंक/आंच महसूस होनी चाहिए। ये हम सभी को बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए कि बड़े से बड़े प्रशासनिक अधिकारी और चुने हुए प्रतिनिधि जनता की सेवा करने के लिए ही होते हैं, जनमानस-नागरिकों पर राज करने के लिए नहीं।

*-राजेन्द्र ठाकुर, रायपुर*

## ट्रेंड

### स्वच्छ भारत अभियान



मेरा हमेशा से यही मानना रहा है कि कोई भी सरकार तभी सफल हो सकती है जब समाज स्वयं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग ले। स्वच्छ भारत अभियान जैसे अनेक कार्यक्रम इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### गहरी संवेदनाए



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के मंत्री डी. सुधाकर के निधन से गहरा दुख हुआ। कांग्रेस विचारधारा के पथप्रदर्शक, उन्होंने अपना पूरा जीवन चित्रदुर्ग और कर्नाटक के गरीबों की सेवा में व्यतीत किया। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस


### मां कामाख्या के दर्शन



असम का नया विधान भवन ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर स्थित है, जहां से दुनिया का सबसे छोटा नदी द्वीप उमानंदा दिखाई देता है। जब भी आप मां कामाख्या के दर्शन के लिए आएं, उमानंदा में बाबा के दर्शन अवश्य करें। इससे आपकी यात्रा सफल होगी

**- हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### डिजिटल क्रांति



हमारी डिजिटल क्रांति ने भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी बना दिया है। आज बुनियादी ढांचा भी अभूतपूर्व गति से विकसित हो रहा है, भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत तेजी से स्टार्टअप के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम बन गया है।

**- सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

## करंट अफेयर

# गड्ढे भरना नेताओं के बस की बात क्यों नहीं?


ब्रिटेन में सड़कों के गड्ढे न सिर्फ सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं, बल्कि ये वाहनों को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों की रोजमर्रा की परेशानी और नाराजगी की बड़ी वजह भी हैं। स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान यह मुद्दा और भी उभरकर सामने आता है क्योंकि अधिकांश सड़कों का रखरखाव स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है। अप्रैल में हुए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि सात मई के लिए निर्धारित चुनावों में पूरे ब्रिटेन में मतदाताओं के लिए सड़कों की हालत सबसे प्रमुख स्थानीय मुद्दा रही। 'द एस्फाल्ट इंडस्ट्री एलायंस' (एआईए) की 2025 की रिपोर्ट बताती है कि इंग्लैंड और वेल्स के स्थानीय सड़क नेटवर्क का 17 प्रतिशत हिस्सा खराब हालत में है। रिपोर्ट के अनुसार मरम्मत के लंबित कार्य को पूरा करने में 12 साल लगेंगे और 16 .81 अरब पाउंड खर्च होंगे। नेताओं के लिए गड्ढे भरने के आंकड़े गिनाकर वोट बटोरना आसान है, लेकिन इससे समस्या की जड़ नहीं सुलझती। गड्ढे अचानक नहीं बनते, होता यूं है कि सामान्य डामर सड़कों में बिटुमेन समय के साथ पुराना और भुरभुरा हो जाता है। वाहनों के बोझ से सड़क की सतह पर दरारें पड़ने लगती हैं। इन दरारों में पानी घुस जाता है और सर्दियों में जमने-पिघलने के चक्र तथा वाहनों के दबाव से ये दरारें चौड़ी होती जाती हैं।



## ऑफ बीट

# आइसक्रीम के स्वादों का अजीब इतिहास

इंग्लिश हेरिटेज अब अपनी 13 साइटों पर ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम बेच रहा है, जिसे वह 'ब्रेड के बाद सबसे अच्छी कटी हुई चीज' बताता है, जो जॉर्जियाई रेसिपी से प्रेरित है। स्वाद की घोषणा में ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम तक पहुंचने से पहले इंग्लिश हेरिटेज द्वारा परमेसन और ककड़ी जैसे कई और विचित्र जॉर्जियाई स्वादों को आजमाने का उल्लेख किया गया है। ऐतिहासिक व्यंजनों से आगंतुकों को लुभाने के अपने प्रयासों में इंग्लिश हेरिटेज अकेली नहीं है। एडिनबर्ग में, नेशनल ट्रस्ट फॉर स्कॉटलैंड के ग्लैडस्टोन्स लैंड में डेयरी से जुड़ा एक आइसक्रीम पार्लर है, जो 1904 में वहां बना था। यह संपत्ति 1770 की रेसिपी के आधार पर बिगफ्लॉवर और नींबू दही आइसक्रीम बेचती है, और आगंतुक कई अन्य तरह के स्वाद का भी मजा ले सकते हैं। ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम, जिसे अपनी कैरेमेल पौष्टिकता के लिए पसंद किया जाता है, समकालीन खाने वालों के लिए अन्य ऐतिहासिक पेशकशों की तुलना में भले ही अधिक परिचित स्वाद हो सकती है, लेकिन पिछली शताब्दियों में ब्रिटेन में खाई जाने वाली आइसक्रीम स्वाद और रूपों की एक विशाल विविधता से गुजरी है।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से एक बेहद सुखद और मनमोहक तस्वीर सामने आई है। टाइगर रिजर्व के घने जंगलों में एक मादा भालू अपने छोटे शावक के साथ मस्ती करती हुई ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। इस खूबसूरत दृश्य ने वन्यजीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों को उत्साहित कर दिया है।

# ट्रैप कैमरे में कैद हुईं मादा भालू और शावक की मनमोहक अठखेलियां

## खूबसूरत दृश्य ने वन्यजीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों को किया उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ट्रैप कैमरे में कैद तस्वीरों में मादा भालू अपने बच्चे के साथ जंगल में घूमती, खेलती और सुरक्षित माहौल में नजर आ रही है। शावक अपनी मां के ऊपर उछलता-कूदता दिखाई दे रहा है, जिसने पूरे दृश्य को बेहद आकर्षक बना दिया। जंगल के भीतर वन्यजीवों की यह गतिविधि इस बात का संकेत मानी जा रही है कि रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीवों के लिए अनुकूल वातावरण बना हुआ है। वन विभाग के अनुसार, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में लगातार वन्यजीव संरक्षण और निगरानी का कार्य किया जा रहा है।



वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी जंगल में वन्यजीवों का सुरक्षित प्रजनन और शावकों का स्वस्थ दिखाई देना उस क्षेत्र की जैव विविधता और संरक्षण प्रयासों की सफलता को दर्शाता है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में सामने आई यह तस्वीर न केवल वन्यजीव संरक्षण की सकारात्मक कहानी बयां करती है, बल्कि लोगों को प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जागरूक होने का संदेश भी देती है। यह तस्वीर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने उपलब्ध कराई है।

### ट्रैप कैमरों के माध्यम से वन्यजीवों की गतिविधियों पर रखी जा रही नजर


ट्रैप कैमरा और जंगल मॉनिटरिंग के माध्यम से वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। मादा भालू और उसके शावक की मौजूदगी को जंगल के स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन्यप्राणियों की संख्या बढ़ने से अब लगातार इस तरह का सुंदर दृश्य देखने को मिला है। जंगल में भालू और उसके बच्चे की अठखेलियों ने प्रकृति प्रेमियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है।



## खबर संक्षेप

### नौकरी लगाने के नाम पर दो लाख की ठगी

**बालोद।** नौकरी लगाने के नाम पर दो लाख की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। जिसमे पीड़ित युवक ने धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 420 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।




ग्राम परसदा (डंगनिया) थाना गुण्डरदेही निवासी मेघराज साहू पिता सोहराब साहू 27 वर्ष ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2024–25 में पुलिस भतएँ चल रहा था, उसी दौरान मेरे भैया इलियास मोहम्मद आमएँ रिटायर्ड के पहचान वाले मकान नं0 202, ब्लॉक नंबर डी, मयुरी हाईट्स बोरसी थाना पद्मनाभपुर जिला दुर्ग निवासी प्रकाश चंद्र पढवेकर पिता बुधाराम पढवेकर जो कि वर्तमान में परिवहन विभाग मंत्रलय में पदस्थ है के द्वारा मेरा मंत्रलय में अच्छी पहुंच है आपका पुलिस विभाग में नौकरी लगा दूंगा बोलकर मुझे पुलिस विभाग जीडी आरक्षक पद पर नौकरी लगाने के नाम से 01 मार्च 2024 को 2,00,000 रूपये अपनी पत्नि कुसुम पढवेकर के नाम से भारतीय स्टेट बैंक खाता में डलवाया और काम नहीं होने पर मै आपको ब्याज सहित वापस कर दूंगा। काम नहीं होने पर मेरे द्वारा पैसे की मांग करने पर टाल–मटोल कर रहा है आज दूंगा, कल दूंगा बोलकर पैसा वापस नहीं कर रहा हैं।

## बस स्टैंड के न्यू कल्पना रेस्टोरेंट में देर रात आगजनी, लाखों का नुकसान

# भीषण आग से फैली दहशत, सिलेंडर ब्लास्ट से मचा हड़कंप, बाइक खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के व्यस्त बस स्टैंड क्षेत्र स्थित न्यू कल्पना रेस्टोरेंट में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरा रेस्टोरेंट धू-धू कर जलने लगा। घटना के दौरान होटल में रखा गैस सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका हुआ, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। आग की ऊंची लपटें और आसमान में छाया काला धुआं दूर-दूर तक दिखाई देता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग लगने के कुछ ही देर बाद रेस्टोरेंट के भीतर रखा गैस सिलेंडर विस्फोट के साथ फट गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास मौजूद लोग घबराकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। होटल के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल भी आग की चपेट में आ गई और पूरी तरह जलकर राख हो गई।



### संचालक को लाखों के नुकसान की आशंका

आगजनी की इस घटना में रेस्टोरेंट संचालक को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। होटल के फर्नीचर, किचन सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामान पूरी तरह जल गए। फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

### जांच के बाद होगा आग लगने का खुलासा

इस अग्नि दुर्घटना को लेकर प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या गैस रिसाव माना जा रहा है। हालांकि वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुट गए हैं। घटना के बाद देर रात तक बस स्टैंड क्षेत्र में अफरा-तफरी और लोगों की भीड़ बनी रही। लोगों व रेस्टोरेंट संचालक द्वारा आग पर काबू पाने के प्रयास किए जाते रहे।

### सूचना के बाद भी विलम्ब से पहुंची फायर ब्रिगेड

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दे दी गई थी, लेकिन दमकल वाहन करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचा। तब तक रेस्टोरेंट पूरी तरह जल चुका था और अधिकांश सामान राख में तब्दील हो गया। लोगों का कहना है कि यदि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच जाती तो नुकसान काफी कम हो सकता था।

### खड़े ट्रैक्टर में शार्ट सर्किट से लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**राजिम।** राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम कौदकेरा और भैसातरा पहुंच मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर में अचानक भीषण आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर की बैटरी में शॉर्ट सर्किट होने से इंजन में आग भड़क उठी और देखते ही देखते पूरा ट्रैक्टर आग की चपेट में आ गया। घटना के समय ट्रैक्टर चालक वाहन में मौजूद था। आग लगते ही चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत ट्रैक्टर से कूदकर अपनी जान बचाई। हालांकि आग इतनी तेजी से फैली कि ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि इन दिनों क्षेत्र में रबी सीजन की धान कटाई का कार्य चल रहा है । इसी दौरान ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा था, तभी अचानक बैटरी शॉर्ट होने से हादसा हो गया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक ट्रैक्टर पूरी तरह जल चुका था। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।



## हाईकोर्ट की टिप्पणी

# सेवाकाल के दौरान राजपत्रित अधिकारी से रिकवरी नहीं की जा सकती

**बिलासपुर।** उपपुलिस अधीक्षक से अधिक वेतन का भुगतान किए जाने के नाम पर की गई विभागीय रिकवरी पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। रिकवरी आदेश निरस्त करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को वसूल की गई राशि तत्काल याचिकाकर्ता के बैंक खाते में वापस जमा करने का निर्देश दिया है। कोतरा रोड, राजीव नगर, रायगढ़ निवासी राजेश कुमार शर्मा उपपुलिस अधीक्षक (डीएसपी) के पद पर पुलिस मुख्यालय, रायपुर में पदस्थ थे। सेवाकाल के दौरान अधिक वेतन भुगतान करने के आधार पर वसूली का आदेश जारी कर दिया गया। अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की गई।



■ उपपुलिस अधीक्षक के विरुद्ध जारी वसूली आदेश निरस्त

### बैंक खाते में जमा करें राशि

याचिका में कहा गया कि किसी भी शासकीय अधिकारी,कर्मचारी को सेवाकाल के दौरान गलत तरीके से अधिक वेतन भुगतान का हवाला देकर वसूली नहीं की जा सकती है। यह वेतन भुगतान कार्यालय के स्टाफ द्वारा गलत तरीके से वेतनवृद्धि लगाए जाने के कारण किया गया, याचिकाकर्ता द्वारा उक्त राशि किसी फॉड, धोखाधड़ी, चीटिंग से प्राप्त नहीं की गयी थी। साथ ही याचिकाकर्ता को सुनवाई का पर्याप्त भी नहीं दिया गया था। जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय की सिंगल बेंच ने वसूली आदेश को निरस्त कर निर्देशित किया है कि, वे याचिकाकर्ता से वसूल की गई राशि तत्काल याचिकाकर्ता के बैंक खाते में वापस जमा करें।

# डिलीवरी के दौरान 18 किलो चांदी के जेवर से भरा पार्सल रास्ते में गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डिलवरी के दौरान कोरियर ब्याय की गाड़ी से 18 किलो चांदी के जेवर से भरा पार्सल रास्ते में गिर गया। सराफा व्यापारी ने पार्सल गिरने की शिकायत कोतवाली थाने में की है। दूसरे दिन भी पार्सल नहीं मिल पाया है।

■ कोरियर ब्याय की गाड़ी से गिरा

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, सदरबाजार स्थित प्रतिमा ज्वेलर्स के संचालक अमितेश गुप्ता ने गुजराज राजकोट से कोरियर के माध्यम से चांदी के जेवर मंगाए थे। 9 मई को एडलर लाजिस्टिक के माध्यम से दो पार्सल में चांदी के जेवर शहर आए। कोरियर ब्याय दोनो पार्सल बोरी में बांधकर बाइक से उसे छोड़ने के लिए सदरबाजार प्रतिमा ज्वेलर्स जा रहा था। शिव टाकीज चौक से पुराना बस स्टैण्ड के पास 18 किलो चांदी के जेवर से भरा एक पार्सल रास्ते में गिर गया। डिलवरी ब्याय को पता नहीं चला और वह प्रतिमा ज्वेलर्स पहुंच गया। वहां जाकर देखा तो बोरी खुली थी और एक पार्सल गायब था। उसने एक चांदी के जेवर का पार्सल सराफा व्यापारी श्री गुप्ता को दिया और दूसरा पार्सल रास्ते में गिर जाने की जानकारी दी। सराफा व्यापारी श्री गुप्ता ने कोतवाली थाने जाकर पार्सल गिर जाने की लिखित शिकायत की।

# सरपंच पति ने सचिव से की मारपीट संघ ने घेरा थाना, मामला कायम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

खोला पंचायत के सचिव कुंदन साहू के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम खोला के सरपंच पति तुलाराम साहू ने अभनपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास सचिव के साथ मारपीट की।

घटना के बाद सचिव संघ में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। मामले को लेकर ब्लॉक सचिव संघ के अध्यक्ष शेषनारायण साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सचिव अभनपुर थाना पहुंचे और आरोपी सरपंच पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। सचिव संघ ने कहा कि शासकीय कार्य कर रहे कर्मचारियों के साथ इस प्रकार की घटना बेहद निंदनीय है तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं अभनपुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





# लाला अमरनाथ की जिंदगी से प्रेरित कहानी पर बनेगी फिल्म

**मुंबई।** कुछ फिल्में सिर्फ फिल्में नहीं होतीं, वो लोगों की यादों का हिस्सा बन जाती हैं। लगान भी ऐसी ही एक फिल्म है। आज भी जब क्रिकेट मैच में 'बार-बार हां'जैसा गाना सुनाई देता है, तो लोगों को लगान की याद आ जाती है। अब आमिर खान और आशुतोष गोवारिकर एक बार फिर ऐसी फिल्म के साथ वापसी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों एक नई क्रिकेट बेस्ड फिल्म पर काम कर रहे हैं, जो भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी लाला अमरनाथ की जिंदगी से प्रेरित होगी। बताया जा रहा है कि फिल्म की स्क्रिप्ट पर तेजी से काम चल रहा है और इसकी शूटिंग सितंबर 2026 से शुरू हो सकती है। इस बार कहानी पूरी तरह अलग होगी। जहां लगान एक काल्पनिक कहानी थी।


लाइफ Style

# दिशा
## द पोर्टल ऑफ फोर्स में आएंगी नजर

दिशा पाटनी अब हॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। उनकी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें उनका किरदार शानदार है। उन्होंने फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को भी बताया है। भारत की कई अभिनेत्रियों ने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस कड़ी में नया नाम दिशा पाटनी का जुड़ने वाला है। अभिनेत्री हॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। वह फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' में नजर आने वाली हैं। इसमें वह जेसिका का रोल करेंगी। उनका कहना है कि इस प्रोजेक्ट से उन्हें अपनी एक्टिंग स्किल्स को बड़े पैमाने पर एक्सप्लोर करने का मौका मिला है। बताया जाता है कि यह फिल्म 'स्टैटीगॉड्र्स होलीगॉड्र्स सागा' की पहली फिल्म है। यह सुपरनैचुरल एक्शन-थ्रिलर है। इस फिल्म का निर्देशन केविन स्पेसी ने किया है। 20 साल से ज्यादा समय बाद वे इस फिल्म से निर्देशन में वापसी कर रहे हैं। दिशा पाटनी ने बताया कि एक इंटरनेशनल फिल्म में काम करने का अनुभव उनके लिए रोमांचक और डरावना रहा। उन्होंने कहा 'मैं इस बेहद खास प्रोजेक्ट के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रही थी। अपने पहले इंटरनेशनल प्रोजेक्ट में कदम रखना मेरे लिए रोमांचक और डरावना दोनों था। अपनी एक्टिंग स्किल्स को एक्सप्लोर करने का बड़ा मौका था। अनुभवी और अलग-अलग तरह के कलाकारों के साथ काम करना अपने आप में एक सीखने का अनुभव था।' उन्होंने आगे कहा, 'स्क्रीन पर ईमानदारी हर जगह एक जैसी होती है।



हॉलीवुड मसाला



# यौन उत्पीड़न केस हुआ खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर विल स्मिथ को बड़ी राहत मिली है। 57 साल के सुपरस्टार से जुड़े यौन उत्पीड़न केस को कैलिफोर्निया की एक अदालत ने खारिज कर दिया है। यह मामला विल स्मिथ की 2025 की टूर टीम से जुड़ा था, जिसमें उन पर सेक्सुअल हैरसमेंट और गलत तरीके से नौकरी से निकालने का आरोप लगा था। मेन इन ब्लैक' और द परस्यूट ऑफ हैप्पीनेस के एक्टर पर एक वायलिन बजाने वाले म्यूजिशियन ने ये संगीन आरोप लगाए थे। बीते साल इस केस को लेकर विल स्मिथ की सोशल मीडिया पर खूब खीचंतान हुई थी।

# द डेविल वियर्स प्राडा का बनेगा तीसरा पार्ट ...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' अमेरिकी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही है। भारत में भी यह फिल्म करोड़ों रुपये में कमाई कर रही है। इस फिल्म को देखने के लिए दर्शकों को लगभग 20 साल का इंतजार करना पड़ा। वहीं, डायरेक्टर डेविड फ्रैंकल 'द डेविल वियर्स प्राडा 3' बनने की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं। हाल ही में डेविड फ्रैंकल ने कहा, 'देखिए, हमें यह फिल्म बनाने में 20 साल लग गए। जबकि मैंने कहा था कि अब कभी नहीं। फिर भी हम यहां पर हैं। इसलिए मैं दोबारा यह नहीं कहूंगा कि 'अब कभी नहीं'। देखते हैं कि आगे क्या होता है। अगर किरदारों के साथ दोबारा जुड़ने और इन शानदार एक्टर्स के साथ कुछ महीने बिताने का मौका मिला तो मुझे बहुत खुशी होगी।' इस तरह से कहीं ना कहीं फिल्ममेकर डेविड ने फिल्म के पार्ट 3 को लेकर हिंट दिया है। फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे के अलावा एमिली ब्लंट, स्टेनली टुकी, ट्रेसी थॉमस और टिबोर फेल्डमैन ने वापसी की। ये सभी एक्टर्स पहली पार्ट में भी थे। वहीं फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' में कुछ नए एक्टर्स भी शामिल हुए हैं। इसमें केनेथ ब्रानघ, पैट्रिक ब्रामल, सिमोन एशले, लूसी लियू, बीजे नोवाक, जस्टिन थेरॉक्स, लेडी गागा और पॉलीन चालमेट के नाम शामिल हैं।



# सोनम ने दूसरे बेटे की दिखाई झलक...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सोनम कपूर और उनके पति आनंद आहूजा ने अपने दूसरे बेटे के नाम की घोषणा रविवार को कर दी है। सोनम ने 29 अप्रैल को अपने दूसरे बेटे को जन्म दिया था। जन्म के लगभग 11 दिन बाद कपल ने सोशल मीडिया पर अपने नवजात के नाम के बारे में जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने नाम के पीछे छिपे आध्यात्मिक अर्थ के बारे में भी बताया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर दो फैमिली पिक्चर शेयर की हैं। इनमें सोनम और आनंद के साथ उनके दोनों बेटे नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही कपल ने अपने नवजात बेटे की झलक भी दिखाई है। हालांकि, दोनों ही बेटों के चेहरे को तस्वीरों में नहीं दिखाया है। इन तस्वीरों के साथ ही सोनम ने कैप्शन में एक लंबा सा नोट लिखा है। इसमें उन्होंने बताया कि कपल ने अपने दूसरे बेटे का नाम रुद्रलोक रखा है। अपने लंबे कैप्शन में सोनम ने लिखा, 'उस दिव्य शक्ति के आशीर्वाद से जिसने एक बार फिर हमारे जीवन को बदल दिया है।



# सारा ने श्रेया के साथ शेयर किया फनी वीडियो

**मुंबई।** सारा अली खान ने रविवार इंस्टाग्राम पर गायिका श्रेया घोषाल के साथ एक फनी वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के साथ सारा ने एक शायरी भी लिखी है। सारा ने लिखा- 'सारा ने गाना गाया, श्रेया मैम के रूह को सताया, फिर उन्हें हमने थोड़ा साइड हटाया और अनमोल कला का मतलब बताया'। सारा के इस मजेदार वीडियो पर श्रेया घोषाल ने कमेंट किया है। श्रेया ने लिखा, 'तुम बहुत प्यारी हो सारा अली खान। तुम्हारे साथ कितना मजा आया।' सारा की इस पोस्ट पर रकुल प्रीत ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। वहीं सारा के फैंस को उनका यह वीडियो काफी पसंद आया। एक फैन ने लिखा, वाह सारा तुमने कमाल कर दिया। दूसरे ने लिखा, 'बहुत ही शानदार, दोनों महिलाएं बेहद खूबसूरत लग रही हैं'।


टीवी मसाला



# शिल्पा करेंगी कॉमेडी कुकिंग शो 'मां है ना' को होस्ट...

**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा बतौर होस्ट एक शो की कमान संभालने वाली हैं। वे कॉमेडी कुकिंग शो होस्ट करेंगी, जिसमें जेन-जी सेलेब्स अपनी मां के साथ हिस्सा लेंगी। इस शो का नाम है- 'मां है ना'। 10 एपिसोड की यह नॉन-फिक्शन सीरीज छह जेन जेड सेलेब्रिटीज और उनकी मांओं को एक साथ लाएगी। यह शो ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगा। जी-5 ने रविवार को शो की घोषणा की है। इसमें जेन-जी सेलेब्स और उनकी मांओं के बीच कुकिंग चैलेंज, दिल को छू लेने वाली बातचीत और परिवार के बीच प्यार भरे पल देखने को मिलेंगे। शो' मां है ना' के जरिए रसोई के परिवेश के जरिए आधुनिक जेनेरेशन-Z के लाइफस्टाइल और पारंपरिक मैटरनल सूझबूझ के बीच टकराव देखने को मिलेगा, वह भी मजेदार अंदाज में। शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करके इस शो को लेकर अपडेट भी दिया है। उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'मैं एक नए शो के साथ वापस आ गई हूं! स्वाद, ड्रामा और मां का जजमेंट परोसते हुए... थोड़ा-सा मेसी, ढेर सारी मस्ती और एकदम जादू! मां है ना। जल्द आ रहा है, सिर्फ जी5 पर'। इस शो के प्रोड्यूसर्स निर्माताओं के अनुसार, यह शो इस बात पर फोकस करता है कि जब दो पीढ़ियों को एक-एक रेसिपी के जरिए सच में एक-दूसरे की बात सुननी पड़ती है, तो क्या होता है'? इस सीरीज में मां और बच्चों की जोड़ियां एक साथ खाना बनाते हुए गलतफहमी, दबाव, प्यार और फिर से मिले सुकून का सामना करती नजर आएंगी। इस प्लेटफॉर्म ने किचन को एक ऐसी जगह बताया है, जहां खाने से परे यादें, पुरानी बातें, हंसी-मजाक, बहस और भावनाएं सामने आती हैं। शो के लिए जिन कंटेस्टेंट्स के नामों की घोषणा की गई है, उनमें सुनीता आहूजा अपनी बेटी टीना आहूजा के साथ, उर्वशी ढोलकिया अपने बेटे क्षितिज ढोलकिया के साथ, तान्या मित्तल अपनी मां सुनीता मित्तल के साथ, गुल्लू अपनी मां मुनेश तंवर के साथ, शाहिदा अंसारी अपने भतीजे अफगान के साथ और भाग्यश्री शर्मा अपनी मां रिंजू शर्मा के साथ नजर आएंगी। जल्द ही यह शो जी-5 पर आएगा।

## मेरी जड़ें भारत में ही हैं : अविका



**नई दिल्ली।** टीवी शो 'बालिका वधू' से लोकप्रिय होने वाली अभिनेत्री अविका गौर शादी के बाद अपने पति मिलिंद चंदवानी के साथ बैंकॉक में शिफ्ट हो गई हैं। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने टेलीविजन या फिल्मों से ब्रेक नहीं लिया है। वो अपना काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि ये कदम मिलिंद के लिए बेहतर अवसरों को देखते हुए उठाया गया है, जबकि उनके खुद के काम के सिलसिले में मुंबई से बाहर लंबे शेड्यूल तय किए गए हैं। अविका ने इस कदम के कारण प्रोजेक्ट छूटने की चिंताओं को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि काम आमतौर पर उनके शेड्यूल के अनुसार ही होता है और सहयोग आपसी प्रयासों पर निर्भर करता है। जब कोई मेरे साथ काम करना चाहता है, तो उसे यह प्रयास करना चाहिए। इंडस्ट्री के मेरे साथियों ने भी मेरे इस फैसले का समर्थन किया है। एक्ट्रेस ने कहा कि भले ही मेरा ठिकाना अब विदेश में है, लेकिन मेरी जड़ें भारत में ही मजबूती से टिकी हैं। यहां मेरा परिवार रहता है।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## Appointment आवश्यकता

### टेलीकॉलर

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

### घरेलु कार्य

आवश्यकता है- एक फैमिली की आवश्यकता हैं- पत्नी जो घर में रहकर घर के सभी कार्य कर सके एवं पति जिसे ड्राइविंग आती हो जो कार चला सके उसे प्राथमिकता। रहने की सुविधा। वेतन योग्यता अनुसार, सम्पर्क करें:- 9893413130, 9425509393.(आरो-198)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राईवर, सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड , रायपुर संपर्क समय 10:30 - 9:00, 9425522577, 9425522576.(आरो-168)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### टीचर

आवश्यकता है- गुरुकुल विद्यालय Sukulpara, Tora Road, Nawagarh Dist. Bemetara (Chhattisgarh) नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 (हिंदी माध्यम) रिक्त पदों की जानकारी व्याख्याता - 2 पद (गणित / भौतिक / रसायन),व्याख्याता - 1 पद (भूगोल / इतिहास / राजनीति विज्ञान), शिक्षक -1 पद (गणित / विज्ञान), शिक्षक - 1 पद (अंग्रेजी),सहायक शिक्षक - 1 पद (पर्यावरण),सहायक शिक्षक -1 पद (गणित),सहायक शिक्षक - 1 पद (सामान्य ज्ञान), सहायक शिक्षक - 1 पद (नैतिक शिक्षा), Principal: 9754368580, Email: sahudhrmendra5 @ gmail.com मौखिक साक्षात्कार/ डेमो क्लास 20/05/2026 टाइम सुबह 9.00 से दोपहर 12.00 तक। (आरो नं.-272)

Requirment- THE GURUKUL ENGLISH MEDIUM SCHOOL Sukulpara, Tora Road, Nawagarh Dist. Bemetara(Chhattisgarh) New Academic Session 2026-27,Vacant Posts Teacher - 1post(Mathematics), Teacher - 1 post (Sanskrit), Assistant Teacher - 1 post (English), Assistant Teacher - 1 post (EVS),Assistant Teacher - 1 post (Maths), Assistant Teacher - 1 post (G.K.), Principal: 9754368580, Email: sahudhrmendra5@gmail.com मौखिक साक्षात्कार/ डेमो क्लास 20/05/2026 टाइम सुबह 9.00 से दोपहर 12.00 तक। (आरो नं.-273)

WANTED- Trained and Experienced teachers studied throughout English Medium apply for Middle, High and Higher Secondary classes for all subjects including PTI and Yoga. Submit your Biodata on or before 25.05.2026. Time : 10:30 am. to 2:00p.m.Venue : Sunshine Hr. Sec. School, Opposite Utsav Palace, Durg Phone No: 9098532963, 9630118856.(आरो नं.-10461)

### शोरूम कार्य

आवश्यकता है- टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य करने हेतु युवको की आवश्यक है। संपर्क - मनन इंटरप्राइजेज,विधानसभा रोड,मोवा ,थाने के सामने,रायपुर । मोबाइल : 9827109679.(आरो-67)

### चौकीदार

आवश्यकता है- बहानाकाड़ी मंदिर हसौद पोल फैक्ट्री में चौकीदार कि आवश्यकता है, जो फैक्ट्री में रह कर कार्य कर सके मों. 88271-50000.(आरो-174)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा, रायपुर (आरो-173)

आवश्यकता है- कार एक्सेसरीज की दुकान के लिए जरूरतमंद लड़को एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क:- भाव्या ट्रेडर्स, नवभारत प्रेस के सामने, शहीद स्मारक काम्प्लेक्स, रायपुर मो. 8819935000. (आरो-014)

### हॉस्टल स्टाफ

आवश्यकता है- हॉस्टल स्टाफ की आवश्यकता- DAC Academy Hostal, Raipur, रसोइया (Cook) वेतन : 15,000/- 20,000/- प्रतिमाह, सहायक (Helper) वेतन : 12,000/- – 15,000/- प्रतिमाह, सफाई कर्मचारी वेतन : 8,000/- – 10,000/- प्रतिमाह, सुबह एवं शाम की शिफ्ट उपलब्ध, संपर्क करें : 8109810976.(आरो-4696)

### सुरक्षागार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 45, सुपरवाइजर 9 फील्ड अधिकारी 5, कंप्यूटर ऑपरेटर 2 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा आवास भोजन फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019.(आरो-015)

### सेल्समैन/शॉप वर्क

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायुपर) में काम करने के लिए लड़का/लड़की एंव सेल्समैन की आवश्यकता है मों. - 7067048454.(आरो-173)

### सर्विस

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955.(आरो-63172)

## Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - छत्तीसगढ़िया ज्योतिष विचार दिखइया बईगा सब्बो समस्या के समाधान काली माई की शक्ति ले पूजा-पाठ लड़ाई- झंझट जुन्ना बीमारी बैरी ले छुटकारा बिहाव मा देरी, लाइका होय मा देरी, पढ़ाई मा मन नई लागय ता एक बेर जरूर मिलव मो.- 8461886239.(आरो-169)

## For Rent किराया

किराया- प्रीमियम वेयर हाउस/ खुला प्लॉट/ गोदाम किराये हेतु तोरवा बिलासपुर में होटल रेडडायमंड के सामने मुख्य रोड पर 5000- 40000 वर्गफीट उपलब्ध इंडस्ट्रीयल, लॉजिस्टिक्स, कॉर्पोरेट हेतु उपयुक्त सम्पर्क- 9617605544, 9111911145.(आरो-bsp)

किराए से देना /बेचना है- कोहका हाउसिंग बोर्ड भिलाई स्थित मकान नंबर 703/704 रजिस्ट्री फ्री होल्ड वाला मकान किराए से देना या बेचना है संपर्क करें -7440360294. (आरो नं.-274)

## Finance फायनेंस

फाइनेंस - महालक्ष्मी फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज ), (30% छूट ) संपर्क:- 9039310732 , 8280401638.(आरो-4344)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152




## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# पश्चिम एशिया संकट से ऊंचे बने रहेंगे कच्चे तेल के दाम : एडीबी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के लंबा खिंचने की आशंका के चलते कच्चे तेल के दाम अभी ऊंचे स्तर पर बने रहेंगे। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने यह बात कही है। पार्क ने कहा, कच्चे तेल की कीमतें ऊंची रहने की आशंका के बीच हमारा अनुमान है कि नए परिदृश्य में यह 2026 में औसतन 96 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। 2027 में यह 80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहेगा। इसलिए हमारा मानना है कि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि वायदा कीमतें भी ऊंची बनी हुई हैं। हालांकि, उन्होंने कहा, 'हमने हमेशा हाजिर बाजार की कीमतों और निकट के वायदा बाजार में एक तरह का प्रीमियम भी देखा है क्योंकि अभी कच्चे तेल की बहुत कमी है।'

## एशियाई विकास बैंक ने कहा, भारत की वृद्धि दर घटेगी

### वृद्धि दर अनुमान को घटाकर 4.7 फीसदी किया

एडीबी ने 29 अप्रैल को अपनी विशेष अद्यतन रिपोर्ट में 2026 के लिए एशिया प्रशांत के लिए वृद्धि दर के अनुमान को 5.1 प्रतिशत से घटाकर 4.7 प्रतिशत कर दिया है। खाद्य उत्पादन पर एल नीनो के असर के बारे में पूछे जाने पर पार्क ने कहा, बेशक, यह बहुत अनिश्चित है।

### भारत का असर दूसरे देशों पर भी पड़ता है

जाहिर है जब भी भारत में फसल खराब होती है, तो हमें एक समस्या होती है, ज्यादा कीमतों के साथ। चावल के वैश्विक व्यापार में भारत का एक बड़ा हिस्सा है। इसलिए भारत में जो कुछ भी होता है, उसका अक्सर दूसरे देशों पर भी बड़ा असर पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि बढ़ती उर्वरक कीमतों के अलावा यह भी चिंता का एक कारण है।




### पेट्रोलियम कंपनियों को रोजाना हो रहा 1,700 करोड़ का नुकसान

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का असर भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों पर भारी पड़ रहा है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां पिछले 10 सप्ताह से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी की बिक्री पुराने दामों पर कर रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिदिन 1,600-1,700 करोड़ रुपये का नुकसान (अंडर-रिकवरी) हो रहा है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 10 सप्ताह में इन कंपनियों की कुल 'अंडर-रिकवरी' एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। अंडर-रिकवरी का अर्थ लागत से कम मूल्य पर बिक्री से है।

## खबर संक्षेप

### गोदरेज प्रॉपर्टीज का 39,000 करोड़ बिक्री बुकिंग का लक्ष्य




**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अपनी बिक्री बुकिंग 14 प्रतिशत बढ़ाकर 39,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य तय किया है। आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के चलते उसकी वृद्धि की रफ्तार जारी रहेगी। चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनी को अपने लक्ष्य को हासिल करने में किसी बड़ी बाधा की आशंका नहीं है।

### एलटीटीएस के सीईओ चड्ढा का वेतन 17 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक अमित चड्ढा को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल 14.96 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक या वेतन और भत्ते मिले हैं। यह राशि इससे पिछले साल की तुलना में 17.4 प्रतिशत कम है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए चड्ढा के पारिश्रमिक में 5.77 करोड़ रुपये का मूल वेतन, 2.62 करोड़ रुपये का कमीशन और 1.68 करोड़ रुपये का परिवर्तनशील वेतन शामिल था।

### एक्जिम बैंक के लाभ में 32 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) का वित्त वर्ष 2025-26 में शुद्ध लाभ 32 प्रतिशत बढ़कर 4,273 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 में 3,243 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एक्जिम बैंक ने बताया कि पूरे वित्त वर्ष (2025-26) के दौरान उसका कुल कारोबार 13.31 प्रतिशत बढ़कर 4.50 लाख करोड़ पर पहुंच गया, जबकि शुद्ध ऋण पोर्टफोलियो लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2.07 लाख करोड़ रुपये रहा।

### अधिकारियों ने कंपनियों के तिमाही नतीजों के दौरान दिए संकेत

# रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान हो सकता है महंगा, कीमतें बढ़ाने की तैयारी में कंपनियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**कच्चे तेल से जुड़ी महंगाई, पैकेजिंग सामग्री और ईंधन लागत में बढ़ोतरी के बीच साबुन, डिटर्जेंट, बिस्किट, पैकेट बंद खाद्य पदार्थ और पेय उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं। देश की प्रमुख रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियां बढ़ती लागत से मुनाफे पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए चरणबद्ध तरीके से दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं।**

एफएमसीजी कंपनियों के अधिकारियों ने हालिया तिमाही नतीजों के दौरान संकेत दिया है कि वे पहले ही तीन से पांच प्रतिशत तक कीमतें बढ़ा चुकी हैं और लागत का दबाव जारी रहने पर आगे भी मूल्य वृद्धि की जा सकती है। कंपनियों का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, जिससे कच्चे माल, लॉजिस्टिक्स और पैकेजिंग लागत बढ़ी है। रुपये में कमजोरी ने भी दबाव बढ़ाया है। इसका असर खाद्य उत्पादों, व्यक्तिगत देखभाल, पेय पदार्थ और घरेलू उपयोग के सामान सहित कई क्षेत्रों पर दिखाई दे रहा है। कंपनियां मुनाफा बनाए रखने के लिए कीमतें बढ़ाने के साथ पैकेट बंद उत्पादों में मात्रा कम करने की रणनीति भी अपना रही हैं। हालांकि पांच, 10 और 15 रुपये वाले छोटे पैक बाजार में बनाए रखने की कोशिश की जा रही है ताकि बिक्री पर असर कम पड़े। कंपनियां लागत कम करने के लिए छूट और प्रचार खर्चों में कटौती, भंडार प्रबंधन को मजबूत करने और आपूर्ति श्रृंखला को अधिक कुशल बनाने जैसे कदम उठा रही हैं।

**साबुन, डिटर्जेंट, पैकेट बंद खाद्य पदार्थ पेय उत्पाद की कीमतें बढ़ सकती है**



### ईंधन व पैकेजिंग लागत में 20 फीसदी वृद्धिः ब्रिटानिया सीईओ

ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने भी संकेत दिया है कि ईंधन और पैकेजिंग लागत में करीब 20 प्रतिशत वृद्धि के कारण जल्द ही कीमतें बढ़ाई जा सकती हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रक्षित हरगेव ने कहा कि कंपनी सीधे दाम बढ़ाने और पैक के वजन में कमी, दोनों विकल्पों पर विचार कर रही है।

### कीमतों में दबाव से बढ़ सकते हैं दामः एचयूएल

हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने भी संकेत दिए हैं कि यदि जिंसों की कीमतों में दबाव बना रहा तो कंपनी आगे और कीमतें बढ़ा सकती है। एचयूएल के प्रमुख ब्रांड में सर्फ एक्सल, ब्रुक बॉन्ड, लाइफबॉय, डव, क्लिनिक प्लस, सनसिल्क, लैक्मे जैसे ब्रांड हैं।

### महंगाई का आठ से दस फीसदी बोझ पड़ा है : सीएफओ

एचयूएल के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) निरंजन गुप्ता ने कहा, ''अभी तक हमारे ऊपर महंगाई का आठ से 10 प्रतिशत का बोझ पड़ा है। हमने पोर्टफोलियो दर पोर्टफोलियो आधार पर कीमतों में दो से पांच प्रतिशत तक की वृद्धि की है।''

### कंपनी 10 प्रतिशत महंगाई का सामना कर रही : डाबर

डाबर इंडिया के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा ने कहा कि कंपनी इस वित्त वर्ष में करीब 10 प्रतिशत महंगाई का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई के प्रभाव को कम करने के लिए कंपनी विभिन्न कारोबार खंडों में औसतन चार प्रतिशत तक कीमतें बढ़ा चुकी है और लागत नियंत्रण के उपाय भी कर रही है।

### बड़े पैक वाले उत्पादों की कीमतें बढ़ेगी : ब्रिटानिया

ब्रिटानिया के पास गुड डे, मेरी गोल्ड, मिल्क बिकीज और टाइगर जैसे ब्रांड हैं।उन्होंने कहा कि बड़े पैक वाले उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की जाएगी। साथ ही एलपीजी, पीएनजी और पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले लैमिनेट की बढ़ती कीमतें परिचालन लागत को प्रभावित कर रही हैं।

### सेबी ने नियमों में किया संशोधन

## शैक्षणिक उपयोग के लिए 30 दिन बाद ही शेयर मूल्य आंकड़ों का होगा उपयोगः सेबी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने नियमों में संशोधन करते हुए निवेशक जागरूकता और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए शेयर मूल्य आंकड़ा साझा करने पर 30 दिन की एकसमान समय-सीमा तय की। इसका मतलब है कि अब 30 दिन पुराने शेयर मूल्य आंकड़ों का उपयोग किया जा सकेगा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह नयी रूपरेखा एक जुलाई से प्रभावी होगी। इसका उद्देश्य बाजार आंकड़ों के दुरुपयोग को रोकने और शैक्षणिक सामग्री को प्रासंगिक बनाए रखने के बीच संतुलन बनाना है। सेबी ने मई, 2024 में शेयर बाजारों द्वारा ''लाइव'' बाजार आंकड़ों के उपयोग को केवल कारोबार और उससे जुड़े कार्यों तक ही सीमित कर दिया था और शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए एक दिन की देरी के साथ आंकड़ा उपयोग की अनुमति दी थी। जनवरी, 2025 में नियम को और भी सख्त करते हुए केवल शैक्षणिक गतिविधियों में लगे संस्थानों के लिए ही तीन महीने पुराने आंकड़ों के उपयोग की शर्त लागू की गई थी।



### 30 दिन की समान देरी तय की गई

इस सुझाव के आधार पर अब आंकड़ों के साझा करने और उपयोग दोनों के लिए ही 30 दिन की समान देरी तय की गई है। हालांकि, राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम) को सिमुलेशन लैब में उपयोग के लिए एक दिन की देरी के साथ बाजार मूल्य आंकड़ों तक पहुंच मिलती रहेगी।

### संशोधन के मसौदे से 'अन्य इस्पात सामग्री' प्रावधान हटा

## वाहन क्षेत्र 'कबाड़' लक्ष्य से 70 प्रतिशत पीछे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की वाहन कंपनियां वित्त वर्ष 2025-26 में वाहन कबाड़ (स्क्रैप) से जुड़े इस्पात समतुल्य दायित्वों को पूरा करने में करीब 70 प्रतिशत पीछे रही हैं। उद्योग जगत के अधिकारियों ने इसके लिए पर्यावरण मंत्रालय की 'अव्यावहारिक नीति' को जिम्मेदार ठहराया है, जिसके कारण पूरा वाहन उद्योग नियमों का अनुपालन नहीं कर सका।पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने जनवरी, 2025 में 'पर्यावरण संरक्षण (वाहन को चलाने की अवधि की समाप्ति) नियम, 2025' अधिसूचित किए थे, जो एक अप्रैल, 2025 से लागू हुए। इन नियमों के तहत वाहन विनिर्माताओं को विस्तारित उत्पादक दायित्व (ईपीआर) के तहत स्क्रैप किए गए पुराने वाहन या पंजीकृत कबाड़ केंद्रों पर प्रसंस्कृज अन्य इस्पात कबाड़ से प्राप्त इस्पात के आधार पर दायित्व पूरा करना था। मंत्रालय ने 27 मार्च, 2026 को जारी संशोधन के मसौदे में 'अन्य इस्पात स्क्रैप सामग्री' के प्रावधान को हटा दिया। इसके बाद केवल पुराने वाहनों को कबाड़ करने से प्राप्त इस्पात को ही ईपीआर प्रमाणपत्र के लिए मान्य किया गया। वाहन विनिर्माताओं को 15-20 वर्ष पुराने निजी और वाणिज्यिक वाहनों को कबाड़ कराना अनिवार्य किया गया है।



### पर्याप्त संख्या में पुराने वाहन नहीं आ रहे

अधिकारी ने कहा, ज्यादातर वाहन विनिर्माताओं ने वाहन को कबाड़ करने और अन्य स्रोतों से इस्पात स्क्रैप दोनों के जरिये लक्ष्य पूरा करने की योजना बनाई थी। लेकिन यह प्रावधान हटने के बाद लक्ष्य हासिल करना लगभग असंभव हो गया। उद्योग के एक अन्य अधिकारी ने नीति को 'अव्यावहारिक' बताते हुए कहा कि कबाड़ केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुराने वाहन नहीं आ रहे हैं, जिससे उद्योग लक्ष्य से काफी पीछे रह गया।

### डाइस की परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करेगी जैगल

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज कृत्रिम मेधा ( एआई) आधारित खर्च प्रबंधन मंच 'डाइस' की परिसंपत्तियों को लगभग 68 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने कहा कि वह इस लेनदेन को 120 दिनों के भीतर पूरा करने की उम्मीद कर रही है।

### एफपीआई का बाजार में निकासी का सिलसिला जारी रहा

## विदेशी निवेशकों ने मई में बाजार से निकाले 14,231 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार से निकासी का सिलसिला मई में भी जारी है। वैश्विक वृहद आर्थिक अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजार से शुद्ध रूप से 14,231 करोड़ रुपये निकाले हैं। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही 2026 में एफपीआई की भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का आंकड़ा बढ़कर दो लाख करोड़ रुपये के पार निकल गया है। पूरे 2025 के दौरान एफपीआई ने भारतीय बाजार से 1.66 लाख करोड़ रुपये निकाले थे। फरवरी को छोड़कर, 2026 के सभी महीनों में एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे हैं। जनवरी में उन्होंने 35,962 करोड़ रुपये निकाले थे। हालांकि, फरवरी में उन्होंने 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जो 17 माह का सबसे ऊंचा स्तर है। हालांकि, मार्च में यह रुख फिर पलट गया और विदेशी निवेशकों ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी की। अप्रैल में भी उन्होंने 60,847 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। मई में भी यह सिलसिला जारी है और एफपीआई अबतक 14,231 करोड़ रुपये के शेयर बेच चुके हैं।

HMS घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सोमवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), लिवर व किडनी रोग, थाइरॉयड सर्जरी, ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

दक्षिका हेल्थ केयर & डायबिटिक सेंटर
(डायबिटिक, थायरॉइड, ब्लड प्रेशर, ओबेसिटी, वैक्सीनेशन, हार्ट केयर)
ADULT VACCINATION CENTER
जहाँ Diabetes, Thyroid, Hypertension (Blood Pressure) का मिलता है Expert Care"
▪Better Experience ▪Fully Dedication ▪Accurate
डॉ. दीपक जायसवाल MBBS, MD (General Medicine) PGDIC, CCEBDM (Diabetes), FICP Senior Consultant Physician & Diabetologist
डॉ. नेहा रानी गुप्ता BDS, MDSDental Specialist (दंत सुविधा उपलब्ध)
पता : शॉप नं. 14 एवं 15, ग्राउंड फ्लोर, EDGE COMPLEX मोवा रायपुर :9202222391, 8871865551, 7723068129

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

## आखिरी गेंद पर जीती रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, भुवनेश्वर के सिक्स ने पलटा मैच का रुख

# टॉप पर पहुंची आरसीबी, मुंबई इंडियंस की छुट्टी

### कृणाल पंड्या ने ठोके 73 रन, भुवनेश्वर कुमार ने चटकाए 4 विकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) रविवार को कृणाल पंड्या (73 रन) के अर्धशतक से रोमांच की पराकाष्ठा तक पहुंचे इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस को 2 विकेट से हराकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। पिछले दो मैच में हार का सामना करने वाली आरसीबी (14 अंक) ने तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार (23 रन देकर 4 विकेट) के गेंद से शानदार प्रदर्शन के बाद उनके अंत में दो गेंद में (एक छक्के से) सात रन की मदद से शानदार जीत दर्ज की, जिससे मुंबई इंडियंस आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई।

कृणाल (46 गेंद में 4 चौके और 5 छक्के) और जैकब बेथेल (27) के बीच चौथे विकेट के लिए 42 गेंद में 55 रन की भागीदारी के दम पर आरसीबी ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 167 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। तिलक वर्मा (57 रन) के अर्धशतक के बावजूद मुंबई इंडियंस भुवनेश्वर की शानदार गेंदबाजी के सामने 7 विकेट पर 166 रन ही बना सकी।

### कोर्बिन बॉश की घातक गेंदबाजी

आरसीबी की शुरुआत खराब रही, जिसने पावरप्ले में विराट कोहली (शून्य), देवदत्त पडीक्कल (12) और कप्तान रजत पाटीदार (08) के विकेट गंवाए। लेकिन कृणाल एक छोर पर डटे रहे, उन्होंने बेथेल के साथ मिलकर जिम्मेदारी संभाली। फिर उन्होंने और जितेश शर्मा (18) ने पांचवें विकेट के लिए 22 गेंद में 37 रन जोड़े। लेकिन कोर्बिन बॉश (4 ओवर में एक मेडन, 26 रन देकर 4 विकेट) के दोहरे झटकों से आरसीबी की उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा था, जिन्होंने लगातार गेंदों पर जितेश और टिम डेविड को आउट किया। आरसीबी ने 14वें ओवर में सबसे ज्यादा 16 रन जुटाए।



### धोनी-कोहली के बराबर पहुंचे रोहित

आरसीबी के खिलाफ आईपीएल के 54वें मैच में उतरते ही एमआई के रोहित शर्मा ने बड़ा रिकॉर्ड बना दिया। रोहित आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक मैच खेलने वाले संयुक्त रूप से 'नंबर-1' खिलाड़ी बन गए हैं। शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में जब रोहित उतरे, तो यह उनका 278वां आईपीएल मैच था। महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली भी इतने ही आईपीएल खेल चुके हैं। इस लिस्ट में दूसरे पायदान पर मौजूद रवींद्र जडेजा ने अपने आईपीएल करियर में 265 मैच खेले हैं, जबकि दिनेश कार्तिक 257 मुकाबलों के साथ तीसरे पायदान पर हैं।

### भुवी ने की मलिंगा और बुमराह की बराबरी

भुवनेश्वर कुमार सबसे ज्यादा बार आईपीएल सीजन में 20 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। इस सीजन 11 मुकाबलों में 21 विकेट अपने नाम कर लिए हैं। भुवनेश्वर कुमार ने चौथी बार किसी आईपीएल सीजन में 20 विकेट निकाले हैं। इससे पहले साल 2014, 2016 और 2017 में भुवी ऐसा कर चुके हैं। इस मामले में लसिथ मलिंगा (2011, 2012, 2013, 2015) और जसप्रीत बुमराह (2017, 2020, 2021, 2024) की बराबरी कर ली है। सबसे ज्यादा बार आईपीएल सीजन में 20 विकेट हासिल करने वाले खिलाड़ियों में युजवेंद्र चहल शीर्ष पर हैं।

### कोहली बैक टू बैक जीरो पर आउट

विराट कोहली आईपीएल 2026 में लगातार दूसरे मैच में जीरो पर आउट हुए हैं। इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में उनका खाता नहीं खुला था। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने विराट को बोल्ड किया था। इससे पहले 2022 सीजन में ऐसा हुआ था। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीरो पर आउट होने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में भी विराट कोहली के बल्ले से रन नहीं निकला था।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकलटन का पाटीदार बो भुवनेश्वर | 02 | 4 | 0 | 0 |
| रोहित का जितेश बो भुवनेश्वर | 22 | 10 | 2 | 2 |
| नमन धीर बो सलाम | 47 | 32 | 5 | 2 |
| सूर्यकुमार का कोहली बो भुवनेश्वर | 00 | 1 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा बो भुवनेश्वर | 57 | 42 | 3 | 2 |
| विल जैक्स का बेथेल बो शेफर्ड | 10 | 10 | 1 | 0 |
| बावा का पाटीदार बो हेजलवुड | 16 | 14 | 1 | 0 |
| कोर्बिन बॉश नाबाद | 05 | 5 | 0 | 0 |
| दीपक चाहर नाबाद | 01 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त : 06 कुल : 20 ओवर में 166/7 रन**
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-23-4, हेजलवुड 4-0-33-1, रसिख सलाम 4-0-42-1, शेफर्ड 3-0-18-1, कृणाल 3-0-26-0, सुयश 2-0-21-0.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बेथेल का तिलक बो बॉश | 27 | 27 | 2 | 0 |
| कोहली का बावा बो चाहर | 00 | 1 | 0 | 0 |
| पडीक्कल का रिकलटन बो चाहर | 12 | 11 | 1 | 1 |
| पाटीदार का रिकलटन बो बॉश | 08 | 8 | 1 | 0 |
| कृणाल का तिलक बो गजनफर | 73 | 46 | 4 | 5 |
| जितेश का नमन धीर बो बॉश | 18 | 12 | 1 | 2 |
| डेविड का रिकलटन बो बॉश | 00 | 1 | 0 | 0 |
| शेफर्ड का तिलक बो राज बावा | 04 | 11 | 0 | 0 |
| रसिख सलाम नाबाद | 03 | 2 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 07 | 2 | 0 | 1 |

**अतिरिक्त : 15 कुल : 20 ओवर में 167/ 8रन**
**गेंदबाजी :** चाहर 4-0-33-2, बुमराह 4-0-20-0, बॉश 4-1-26-4, जैक्स 2-0-13-0, गजनफर 3-0-33-1, बावा 3-0-39-1.

## चेन्नई की लखनऊ पर रोमांचक जीत, बने 400 से ज्यादा रन

- सीजन में प्ले ऑफ से बाहर होने वाली पहली टीम बनी लखनऊ



एजेंसी ⏭ चेन्नई

चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 5 विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। उर्विल पटेल ने 13 गेंद में अर्धशतक पूरा कर भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने 23 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों की मदद से 65 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।

जोश इंग्लिस की 33 गेंद में 85 रन की आक्रमक पारी के बावजूद सुपरकिंग्स ने जैमी ओवरटन की शानदार गेंदबाजी के बूते सुपरजायंट्स को 8 विकेट पर 203 रन पर रोकने के बाद 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत दर्ज की। टीम 11 मैचों में छठी जीत के बाद 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि अंतिम पायदान पर काबिज सुपरजायंट्स की आठवीं हार के बाद प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| इंग्लिस का सैमसन बो ओवरटन | 85 | 33 | 10 | 6 |
| मार्श का ब्रेविस बो कंबोज | 10 | 10 | 0 | 1 |
| पूरन का सरफराज बो नूर | 01 | 3 | 0 | 0 |
| ऋषभ पंत बो ओवरटन | 15 | 12 | 2 | 0 |
| एडेन मारक्रम रन आउट | 06 | 7 | 0 | 0 |
| रघुवंशी का उर्विल बो ओवरटन | 18 | 18 | 1 | 0 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 43 | 25 | 3 | 3 |
| हिम्मत सिंह बो कंबोज | 17 | 12 | 1 | 1 |
| मोहम्मद शमी रन आउट | 00 | 1 | 0 | 0 |
| आवेश खान नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त: 08 कुल योग: 20 ओवर में 203/8 रन**
**गेंदबाजी:** अकील हुसैन 4-0-49-0, मुकेश चौधरी 4-0-45-0, अंशुल कंबोज4-0-47-2, नूर अहमद 4-0-24-1, जैमी ओवरटन 4-0-36-3.

| चेन्नई सुपरकिंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन बो राठी | 28 | 14 | 3 | 2 |
| गायकवाड़ बो शाहबाज | 42 | 28 | 3 | 2 |
| उर्विल का आवेश बो शाहबाज | 65 | 23 | 2 | 8 |
| कार्तिक का रघुवंशी बो आवेश | 20 | 20 | 1 | 0 |
| डेवाल्ड ब्रेविस बो राठी | 10 | 12 | 1 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 15 | 7 | 0 | 2 |
| प्रशांत वीर नाबाद | 17 | 12 | 0 | 2 |

**अतिरिक्त: 11 कुल योग: 19.2 ओवर में 208/5 रन**
**गेंदबाजी:** मोहम्मद शमी 4-0-37-0, प्रिंस यादव4-0-36-0, दिग्वेश राठी 4-0-45-2, आवेश खान 4-0-44-1, शाहबाज अहमद 3-0-30-2, एडेन मारक्रम 0.2-0-14-0.

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 14 |
| हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 11 | 7 | 4 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 12 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| दिल्ली | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |
| लखनऊ | 11 | 3 | 8 | 6 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
494 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
21 विकेट
बेंगलुरु

### खबर संक्षेप



#### मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल पर बढ़ाया दबाव

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल पर दबाव बढ़ा दिया। सिटी की ओर से जेरेमी डोकू, एर्लिंग हेलेंड और ओमार मारमोश ने गोल दागे, जिससे आर्सेनल और दूसरे स्थान पर चल रही इस टीम के बीच अब सिर्फ दो अंक का अंतर रह गया है। आर्सेनल के 35 मैच में 76 जबकि सिटी के इतने ही मैच में 74 अंक हैं।

## नीमैन ने जीता खिताब, गुकेश को छठे स्थान पर करना पड़ा संतोष

### गुकेश ने रेपिड में 9 और ब्लिट्ज में 8 अंक जुटाए

एजेंसी ⏭ वारसॉ

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को छठे स्थान से संतोष करना पड़ा जबकि अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन ने अंत तक धैर्य बरकरार रखते हुए 'सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज' का खिताब जीत लिया। यह टूर्नामेंट 'ग्रैंड चेस टूर' का हिस्सा है। गुकेश ने 36 संभावित अंक में से 17 अंक हासिल करके अपना अभियान समाप्त किया।

खिलाड़ियों ने 9 रेपिड और 18 ब्लिट्ज बाजियां खेलीं। हर रेपिड बाजी जीतने पर 2 अंक और ब्लिट्ज बाजी जीतने पर एक अंक निर्धारित था। गुकेश ने रेपिड में 9 और ब्लिट्ज में 8 अंक जुटाए। हालात और भी खराब हो सकते थे लेकिन गुकेश ने आखिरी दौर में पोलैंड के डूडा यान-क्रिस्टोफ को हराकर वापसी की। गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर के मुख्य टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था और इस साल वे केवल रेपिड और ब्लिट्ज प्रारुपों में ही खेलेंगे। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश इस साल के अंत में नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के अलावा अमेरिका के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबला भी खेलने वाले हैं।

सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज



#### गुकेश को आखिरी तीन दिन मिलीं जीत

गुकेश को आखिरी दिन तीन जीत मिलीं। उन्होंने अमेरिका के वेस्ली सो, नीमैन और डूडा को हराया। उन्हें चार हार का सामना करना पड़ा, जिसमें सिंदारोव के खिलाफ शिकस्त भी शामिल है। सिंदारोव ने गुकेश के साथ खेले गए तीन मैच की व्यक्तिगत भिड़ंत में 2-1 के अंतर से जीत हासिल की। नीमैन ने आखिरी दो दौर जीते और टूर्नामेंट का समापन कुल 22.5 अंक के साथ किया।

#### 22 अंक के साथ दूसरे स्थान पर करुआना

अमेरिका के फाबियानो करुआना 22 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जो वेस्ली से एक अंक अधिक है। स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव 18 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे जबकि फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा ने पांचवां स्थान हासिल किया। ग्रैंड चेस टूर का कारवां अब 'सुपर क्लासिक' टूर्नामेंट के लिए रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट की ओर बढ़ेगा और इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से एकमात्र खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा हिस्सा लेंगे।

## स्वितोलिना ने बैपटिस्ट को किया बाहर

एजेंसी ⏭ रोम

इटैलियन ओपन में एलिना स्वितोलिना ने हैली बैप्टिस्ट पर सीधे सेटों में जीत दर्ज की। 2 बार की रोम चैंपियन ने 1 घंटे 7 मिनट में मुकाबला अपने नाम करते हुए चौथे दौर में जगह बना ली है। स्वितोलिना ने बेसलाइन से मैच पर पूरा नियंत्रण रखा और बैप्टिस्ट को अपनी लय बनाने का शायद ही कोई मौका दिया। इस यूक्रेनी खिलाड़ी ने बेहद अनुशासित प्रदर्शन करते हुए 11 विनर्स लगाए और सिर्फ 4 अनफोर्स्ड एरर किए। उनकी सर्विस को तोड़ना भी मुश्किल साबित हुआ। स्वितोलिना ने सभी 5 ब्रेक प्वाइंट्स बचाए और अपनी पहली और दूसरी, दोनों तरह की सर्विस पर दबदबा बनाए रखा।

सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के लिए यह जीत और भी ज्यादा मायने रखती है, क्योंकि उन्होंने इस सीजन की शुरुआत में मियामी ओपन 2026 में बैप्टिस्ट से मिली हार का बदला ले लिया है। स्वितोलिना ने पिछले साल रोम में भी इस अमेरिकी खिलाड़ी को तीन सेटों के एक कड़े मुकाबले में हराया था, लेकिन इस बार उन्होंने जीत में कोई कसर नहीं छोड़ी और बैपटिस्ट के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 2-1 कर लिया।



## तुमकुरु ओपन : जस्टिना ने जीता एकल का खिताब

एजेंसी ⏭ तुमकुरु

शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुल्सकाइट ने रविवार को आईटीएफ डब्ल्यू35 तुमकुरु ओपन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग का खिताब जीता, जब दूसरी वरीयता प्राप्त जुजाना पावलिकोवस्का को चोट के कारण मैच से हटना पड़ा।

कंधे की चोट के कारण जुजाना ने तकलीफ में होने के बावजूद खिताबी मुकाबले के लिए तुमकुरु जिला टेनिस संघ स्टेडियम के कोर्ट पर उतरकर जबरदस्त हिम्मत दिखाई। हालांकि पहले गेम के बाद पोलैंड की खिलाड़ी मैच जारी नहीं रख सकीं, जिससे जस्टिना ने जीत दर्ज की।




## सिनर की धमाकेदार शुरुआत तीसरे राउंड में मारी एंट्री

एजेंसी ⏭ रोम

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जैनिक सिनर ने इटैलियन ओपन की धमाकेदार शुरुआत की है। सिनर ने दूसरे राउंड में सेबेस्टियन ऑफनर को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया।

घरेलू दर्शकों के बीच सिनर ने हमेशा की तरह बेहतरीन खेल की बदौलत मैच पर दबदबा कायम किया। सिनर ने पहले सेट में सिर्फ पांच अनफोर्स्ड एरर किए और विपक्षी को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। सिनर ने मैच की शुरुआत में एक नाजुक ड्रॉप शॉट मारकर सर्व ब्रेक किया और मैच पर पूरा नियंत्रण कर लिया। मैच एक घंटा 31 मिनट तक चला।



### चार सेट के बाद स्कोर बराबर, शूट ऑफ में निकला नतीजा

## तीरंदाजी विश्व कप: भारत ने चीन को हराकर जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी ⏭ शंघाई

दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान और खिताब के प्रबल दावेदार चीन को शूट ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।

रोमांचक फाइनल में भारत ने पहला सेट जीता लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने के कारण शूट ऑफ कराया गया। भारतीय तिकड़ी ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5-4 (28-26) से जीत दर्ज की। अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम शूट ऑफ तीर पर अहम 9 अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया।

- दीपिका ने दबाव में जुटाए अहम 9 अंक
- भारत को मिला 2021 के बाद पहला विश्व कप गोल्ड



*दीपिका ने अपनी टीम का बढ़ाया हौसला*

*नियुक्तियों को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच बिना किसी पूर्णकालिक राष्ट्रीय कोच के यात्रा करते हुए बेहद अनुभवी दीपिका ही थीं, जिन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और लगातार अपनी टीम की साथियों का हौसला बढ़ाया।*

#### *तीन साल में पहला विश्व कप पदक*

*दीपिका के नाम 2010 से अब तक सात विश्व कप टीम स्वर्ण पदक हो गए हैं। यह भारतीय महिला रिकर्व टीम का तीन साल में पहला विश्व कप पदक भी है। इससे पहले टीम 2023 में पेरिस में चरण चार में पोडियम पर पहुंची थी, जिसमें अंकिता पदक जीतने वाली टीम की सदस्य थीं। शंघाई में भारत अब तक दो पदक जीत चुका है। इससे पहले कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शनिवार को कांस्य पदक जीतकर देश के पदक का खाता खोला था। भारत एक और पदक की दौड़ में बना हुआ है। रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर दिन में बाद में सेमीफाइनल में उतरेंगी और विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत है।*

#### सेमीफाइनल में कांग चेयांग से हारी सिमरनजीत

सिमरनजीत कौर के लिए यह दिल तोड़ने वाला अनुभव रहा जब उन्हें सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की कांग चेयांग के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक के लिए हुए प्लेऑफ में उन्हें एक और कोरियाई खिलाड़ी जांग मिनही से हार मिली। इस तरह भारत ने अपने अभियान का समापन दो पदक (एक स्वर्ण, एक कांस्य) के साथ किया।


## एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

LIC HFL — LIC HOUSING FINANCE LTD

रायपुर बैक ऑफिस: उषा प्राइड, दूसरी मंजिल, विधानसभा रोड, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001
फोन नंबर- 0771-4075082, मोब: 9301831267, 9834662295, वेबसाइट: www.lichousing.com

### ई-नीलामी बिक्री नोटिस

चूंकि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एलआईसी एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं/गारंटरों को डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें उनसे उक्त नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। तथापि, ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर उक्त देय राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

अतः नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और धारा 14 के साथ नियम 8 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सांकेतिक (एस) / भौतिक (पी) कब्जा ले लिया है। यह सूचना आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी(ओं) / गारंटर (ओं) को दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति एलआईसी एचएफएल के पास बंधक रखी गई है, जिसका कब्जा एलआईसी एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है तथा इसे "जहां है जैसा है", "जो है जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर तथा बिना किसी सहारा के आधार पर दिनांक 29/05/2026 एवं 16.06.2026 को नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगा।

**संपत्ति क्रमांक 1) उधारकर्ता/ओं के नाम - श्रीमती अमिता कुमारी एवं श्री मदन कुमार राय, ऋण संख्या – 121200001046**

संपत्ति का विवरण

प्लॉट नंबर एच-7, साईं नमन रेजीडेंसी, गोतियारडीह, अभनपुर, रायपुर, छ.ग.

| | |
|---|---|
| मांग सूचना तिथि: 30/09/2019 | ACCOUNT DETAILS |
| मांग राशि: रु. 7,13,003.16/- + ब्याज व अन्य खर्चे | |
| कब्जे की तिथि -(भौतिक) 28.01.2020 | Beneficiary Name: LIC Housing Finance Ltd. |
| निश्चित आरक्षित मूल्य - रु. 5,60,000/- (रुपये पांच लाख साठ हजार मात्र) | Bank: Axis Bank, Centralised Collection Hub |
| ईएमडी - रु. 56,000/- (रुपये छप्पन हजार मात्र) | Account No: LHRP121200001046 |
| 30/05/2026 तक देय कुल राशि – 16,54,056.27/- | IFSC Code: UTIB0CCH274 |
| Website of E-Auction: https://www.auctionbazaar.com | Auction Bazaar |
| संपत्ति दस्तावेजों की फोटोकॉपी के निरीक्षण की तिथि और समय: 22/05/2026 दोपहर 01:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक | नीलानी की तिथि एवं समय: 29/05/2026 दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक |
| | संपत्ति का पता जहां दस्तावेजों का निरीक्षण किया जा सकता है: एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, द्वितीय तल, श्याम मार्केट / स्क्वायर, गेट नंबर 3, एलआईसी-डीओ के पास, पंडरी, रायपुर 492001 |
| संपत्ति का निरीक्षण | 22/05/2026 दोपहर 3.00 से 5.00 बजे तक |
| संपर्क व्यक्ति: श्री करण उपलंचीवार | संपर्क विवरण: 9834662295 |
| सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का संपर्क विवरण | एआरसीए ईमार्ट प्राइवेट लिमिटेड (auctionbazaar.com) 63-1090/1/1, दूसरी मंजिल, भाग बी, उमा हैदराबाद हाउस, राजभवन रोड, सोमाजीगुडा, हैदराबाद - 500082, अभिलाष नामदेव, disposal.central@auctionbazaar.com और 7799830999 |
| ऑनलाइन निविदा / बोली जमा करने की अंतिम तिथि | 28/05/2026 और शाम 5:00 बजे से पहले |
| ई–नीलानी तिथि | 29/05/2026 दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक |

**संपत्ति क्रमांक 2) उधारकर्ता/ओं के नाम - श्री जगत लाकड़ा एवं श्रीमती मंजू लता टोप्पो, ऋण संख्या – 120600005415**

संपत्ति का विवरण

प्लॉट नं. बी-6, अरन्या लेक शोर सिटी, बानाकाडी, रायपुर, छ.ग.

| | |
|---|---|
| मांग सूचना तिथि: 17/10/2022 | ACCOUNT DETAILS |
| मांग राशि: रु. 1131902.15/- + ब्याज व अन्य खर्चे | |
| कब्जे की तिथि -(भौतिक) 21.03.2025 | Beneficiary Name: LIC Housing Finance Ltd. |
| निश्चित आरक्षित मूल्य - रु. 15,00,000/- (रुपये पंद्रह लाख मात्र) | Bank: Axis Bank, Centralised Collection Hub |
| ईएमडी - रु. 1,50,000/- (रुपये एक लाख पचास हजार मात्र) | Account No: LHRP120600005415 |
| 30/05/2026 तक देय कुल राशि – 14,76,828/- | IFSC Code: UTIB0CCH274 |
| Website of E-Auction: https://www.auctionbazaar.com | Auction Bazaar |
| संपत्ति दस्तावेजों की फोटोकॉपी के निरीक्षण की तिथि और समय: 25/05/2026 दोपहर 01:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक | नीलानी की तिथि एवं समय: 16/06/2026 दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक |
| | संपत्ति का पता जहां दस्तावेजों का निरीक्षण किया जा सकता है: एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, द्वितीय तल, श्याम मार्केट / स्क्वायर, गेट नंबर 3, एलआईसी-डीओ के पास, पंडरी, रायपुर 492001 |
| संपत्ति का निरीक्षण | 22/05/2026 दोपहर 3.00 से 5.00 बजे तक |
| संपर्क व्यक्ति: श्री करण उपलंचीवार | संपर्क विवरण: 9834662295 |
| सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का संपर्क विवरण | एआरसीए ईमार्ट प्राइवेट लिमिटेड (auctionbazaar.com) 63-1090/1/1, दूसरी मंजिल, भाग बी, उमा हैदराबाद हाउस, राजभवन रोड, सोमाजीगुडा, हैदराबाद - 500082, अभिलाष नामदेव, disposal.central@auctionbazaar.com और 7799830999 |
| ऑनलाइन निविदा / बोली जमा करने की अंतिम तिथि | 15/06/2026 और शाम 5:00 बजे से पहले |
| ई–नीलानी तिथि | 16/06/2026 दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक |

*नीलामी के अन्य सभी नियम और शर्तें आधिकारिक वेबसाइट - https://online.lichousing.com/eauction/ में अनुबंध 2 के रूप में उल्लिखित हैं।
दिनांक : 11/05/2026, स्थान : रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी, एलआईसी हाउसिंग फायनेंस लि.

रिसर्च

नई स्टडी ने बताया, पृथ्वी का निर्माण कैसे हुआ

# मंगल ग्रह और धरती के बीच मिला ऐसा कनेक्शन, जिससे वैज्ञानिक हैरान

ब्रह्मांड में कई ऐसे रहस्य मौजूद हैं, जिनके बारे में अलग-अलग जानकारी अक्सर आती हैं। हाल में ही वैज्ञानिकों ने एक ऐसी खोज की है, जिसने सभी को हैरान कर दिया है।



**बर्न।** नई स्टडी में इस बात को समझने के काफी करीब ला दिया है कि पृथ्वी का निर्माण करने वाला पदार्थ मूल रूप से कहां से आया था, जिससे ग्रह की उत्पत्ति के बारे में पहले के सिद्धांतों को चुनौती मिली है।

दरअसल, वैज्ञानिकों ने हमेशा इस खोज पर काम किया है कि पृथ्वी का निर्माण कैसे हुए है। वैज्ञानिकों ने पहले माना था कि धरती का निर्माण बुध, शुक्र और मंगल के साथ आंतरिक सौर मंडल में हुआ था।

वहीं, इसके पदार्थ का एक बड़ा हिस्सा बृहस्पति की कक्षा से परे बाहरी सौर मंडल से आया होगा. हालांकि, नई रिसर्च में कुछ ऐसा दावा है, जिसने सब कुछ अलग कर दिया है। नई शोध में पाया गया कि पृथ्वी का निर्माण लगभग पूरी तरह से आंतरिक सौर मंडल में पाए जाने वाले पदार्थ से हुआ था।

### जानिए पूरी रिसर्च के बारे में

गौरतलब है कि स्विटजरलैंड की यूनिवर्सिटी ईटीएच ज्यूरिख के वैज्ञानिकों ने मेटियोराइट्स यानी उल्कापिंड की जांच की. इसके बाद वैज्ञानिकों ने मंगल और वेस्टा (एस्टरॉइड बेल्ट का एक बड़ा टुकड़ा) के मेटियोराइट्स की तुलना पृथ्वी से की। इस दौरान वैज्ञानिकों को चौंकाने वाला नजीता मिला। एक रिपोर्ट में बताया गया कि वैज्ञानिकों ने पाया कि धरती लगभग पूरी तरीके से अंदरूनी सौर मौडल के पदार्थ से बनी है। बाहरी सौर मंडल का मटेरियल पृथ्वी के कुलवजन का 2 प्रतिशत से भी कम है। इस शोध को लेकर वैज्ञानिक पाओली सोसी ने कहा कि पृथ्वी का निर्माण एक ही प्रकार के पदार्थ के भंडार से हुआ है। वहीं, पाओली सोसी के साथी डैन बोवर को यह देखकर काफी आश्चर्य प्रकट करते हैं कि पृथ्वी पूरी तरह से अंदरूनी हिस्से के मटेरियल से बनी है। अध्ययन के अनुसार, पृथ्वी पूरी तरह से गैर-कार्बनयुक्त पदार्थ से बनी है और इस बात का कोई सबूत नहीं है कि यह आंतरिक और बाहरी सौर मंडल के पदार्थों के संयोजन से बनी है।

### क्या मानते रहे हैं वैज्ञानिक?

वैज्ञानिकों का लंबे समय से मानना रहा है कि बृहस्पति ने अपने प्रबल गुरुत्वाकर्षण के कारण सौर मंडल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसा माना जाता है कि बृहस्पति ने मंगल के आकार को प्रभावित किया, क्षुद्रग्रह पेटी के निर्माण में सहायता की और युवा सौर मंडल को दो अलग-अलग पदार्थ भंडारों में विभाजित किया.




### पृथ्वी और मंगल ग्रह की संरचना एक जैसी

वैज्ञानिकों ने बताया कि नए अध्ययन के विश्लेषण से पता चलता है कि शुक्र और बुध की संरचना का अनुमान भी लगाया जा सकता है। जानकारी के अनुसार, इस रिपोर्ट में पृथ्वी और अन्य चट्टानी ग्रहों के निर्माण इतिहास जानने की कोशिश की गई है। वैज्ञानिक मानते हैं कि पृथ्वी की संरचना मंगल ग्रह से काफी मिलती-जुलती है।

32 किलोमीटर का रास्ता किया 10 घंटे में पूरा

# श्रीलंका से भारत तैरकर आया बेंगलुरु का ये कपल



**बेंगलुरु।** समंदर को अक्सर लोग दूर से निहारना ही पसंद करते हैं। उसकी लहरों की ताकत से हर कोई कांपता है, इसमें उतरने की हिम्मत हर किसी में नहीं होती। मगर कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो सिर्फ सपने नहीं देखते, उन्हें सच करने के लिए लहरों से भी टकरा जाते हैं। बेंगलुरु के दानिश अब्दी और वृषाली प्रसाद ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया, जिसने हर किसी को चौंका दिया।

इस साहसी कपल ने श्रीलंका से भारत तक फैली करीब 32 किलोमीटर की समुद्री दूरी को तैरकर पार कर लिया। यह सफर आसान नहीं था, तेज धाराएं, उठती-गिरती लहरें और शरीर को तोड़ देने वाली थकान के बीच उन्होंने 10 घंटे 45 मिनट तक लगातार पानी में खुद को बनाए रखा।

### चुनौतीपूर्ण समुद्री रास्ता


खुले समुद्र में तैरना किसी स्विमिंग पूल या प्रतियोगिता जैसा बिल्कुल नहीं होता। यहां हर पल हालात बदल सकते हैं, कभी लहरें उफान पर होती हैं, तो कभी धाराएं दिशा बदल देती हैं। ऐसे में लगातार घंटों तक तैरते रहना मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। लेकिन इस कपल ने हर मुश्किल का डटकर सामना किया और बिना रुके अपनी मंजिल तक पहुंच गए। इस पूरे सफर के दौरान उनके साथ एक सपोर्ट टीम, पैरामेडिक्स और तटरक्षक दल मौजूद था, जो हर पल उनकी सुरक्षा पर नजर रखे हुए थे। जब वे आखिरकार तट पर पहुंचे, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।




# हजार साल पुराने किले के नीचे मिला पाताल का द्वार

**लंदन।** हजार साल पुराने एक रहस्यमयी किले के नीचे ऐसी गुफा मिली है, जिसने वैज्ञानिकों से लेकर इतिहासकारों तक को हैरान कर दिया है। जमीन के अंदर छिपे इस सुरंगनुमा रास्ते को लोग पाताल का रास्ता कह रहे हैं। गुफा के अंदर प्राचीन पत्थर की मूर्ति, दुर्लभ निशान और बहुत ही पुराने अवशेष मिले हैं, जो मानव इतिहास के कई अनछुए पहलुओं की तरफ इशारा करते हैं।

खास बात यह है कि गुफा का अंदरूनी नजारा इतना हैरान करने वाला है कि वैज्ञानिक भी इसे अपने जीवन की सबसे बड़ी खोजों में से एक बता रहे हैं। यह गुफा ब्रिटेन के वेल्स में स्थित पेमब्रोक कैसल में मिली है। ब्रिटेश के इस गुफा में करीब 1 लाख साल पुराने सबूत मिलने का दावा किया जा रहा है, जिसे एक्सपर्ट्स 'वन्स-इन-अ-लाइफटाइम डिस्कवरी' बता रहे हैं।



### लाखों साल पुराना इतिहास

ब्रिटेन के इस गुफा में हुई शुरुआती जांच ने पूरी दुनिया को हैरान किया है। रिसर्चर्स को यहां 1 लाख साल से भी ज्यादा पुराने इंसानी और जानवारों के अवशेष मिले हैं। कुधाई के दौरान पत्थरों के औजारों के साथ-साथ मैमथ यानी विशालकाय प्राचीन हाथी, ऊनी गैंडे और दरियाई घोड़ों की हड्डियां मिली हैं। यह इस ओर इशारा है कि हजारों साल पहले ब्रिटेन की जलवायु आज से बिलकुल अलग थी और यहां ये जीव रहा करते थे।

### किले के नीचे छिपी है एक अलग ही दुनिया

पेमब्रोक कैसल वही जगह है जहां राजा हेनरी **VII** का जन्म हुआ था। किले की दीवारों के अन्दर एक घुमावदार सीढ़ी सीधे इस गुफा तक जाती है। यह गुफा करीब 23 मीटर लंबी और 10 मीटर तक ऊंची है। कई सालों तक इतिहासकारों का मानना था कि विक्टोरियन काल की खुदाई के कारण यहां की ऐतिहासिक सामग्री खत्म या फिर नष्ट हो चुकी होगी। लेकिन, 2021 से 2024 के बीच हुई खुदाई ने इस धारणा को गलत साबित कर दिया। वैज्ञानिकों को सतह के नीचे प्राचीन काल की ऐसी परतें मिली हैं, जो पूरी तरह सुरक्षित हैं।

# इस शहर में होती है घोंघों की रेस, धीमी जिंदगी का जश्न मनाते हैं यहां के लोग

**ताइपे।** आज की दुनिया में जहां हर कोई घड़ी की सुइयों से आगे निकलने की दौड़ में लगा है, वहीं कुछ जगहें ऐसी भी हैं जो इस रफ्तार को चुनौती देती हैं। यहां के लोगों का मानना है कि जिंदगी सिर्फ तेज भागने का नाम नहीं, बल्कि ठहरकर उसे महसूस करने का भी हुनर है। इसी सोच को जीता है ताइवान का एक छोटा-सा शहर, जो 'धीमेपन' को अपनी पहचान बना चुका है।

हुलिएन काउंटी में बसा फेंगलिन शहर तेज जिंदगी के बजाय सुकून भरे जीवन को अपनाता है। यहां लोग हर पल को आराम से जीने में विश्वास रखते हैं, और यही वजह है कि यहां होने वाली अनोखी 'घोंघा रेस' पूरे देश में चर्चा बटोर रही है। जिस घोंघे की चाल को आमतौर पर धीमेपन का प्रतीक माना जाता है, उसी को



इस शहर ने अपने गौरव का हिस्सा बना लिया है। फेंगलिन में घोंघा सिर्फ एक जीव नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक फिलॉसफी है।




# दुनिया का वो रहस्यमयी कोना, जहां हर रात गिरती हैं हजारों बार बिजली



**काराकास।** क्या आप किसी ऐसी जगह के बारे में सोच सकते हैं, जहां आसमान से बिजली गिरना मौसम खराब होना या फिर कोई इत्तेफाक नहीं, बल्कि हर रात का नियम हो? सुनने में भले ही यह अजीब लग रहा हो, लेकिन एक ऐसी झील है, जहां यह हर रात होता है। वेनेजुएला की मैराकाइबो झील एक ऐसी जगह है, जिसने पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। नासा के नए सैटेलाइट डेटा ने अब यह साफ कर दिया है कि यह झील दुनिया का सबसे एक्टिव लाइटनिंग हॉटस्पॉट है।

**कोंगो को पछाड़कर नंबर-1 बना मैराकाइबो :** कई सालों तक वैज्ञानिकों का मानना था कि अफ्रीका का कोंगो बेसिन दुनिया में सबसे ज्यादा बिजली कड़कने वाला क्षेत्र है। लेकिन हाई-रिजोल्यूशन सैटेलाइट टेक्नोलॉजी और नासा के लाइटनिंग इमेजिंग सेंसर ने इस सोच को पूरी तरह से बदल दिया है। नई मैपिंग से पता चला है कि मैराकाइबो झील में बिजली गिरने की तीव्रता और फ्रीक्वेंसी दुनिया के किसी भी दूसरे स्थान से कहीं ज्यादा है।

### आखिर रात में ही क्यों मचती है तबाही?

ज्यादातर तूफान और बिजली दिन की गर्मी से पैदा होता है और फिर रात होते ही ठंडे पड़ जाते हैं। लेकिन, मैराकाइबो झील का मामला बिल्कुल अलग है। यहां रात के समय आसमानी बिजली का सबसे खतरनाक रूप देखने को मिलता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक किसी किसी दिन तो यहां हजारों बार बिजली गिरती है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com